दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 30 अक्टूबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 438



## संक्षिप्त खबरें ।

### बीजेपी और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे–बट्टे', मायावती बोलीं– आरक्षण को खत्म करने के लिए हो रहा कोटे में बंटवारा

लोक तंत्र की आवाज़



**लखनऊ।** यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी सरकारों वाले राज्यों में दलितों के लिए आरक्षण की नीतियों को बदलने की कोशिश की। आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था के मामले में हरियाणा के बाद तेलंगाना और कर्नाटक की सरकार पर हमला बोलते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे–बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ़ गया है।

**बीजेपी और कांग्रेस पर बरसीं मायावती:** बसपा प्रमुख ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, "देश के करोड़ों शोषित व उपेक्षित दलितों के आरक्षण विरोधी तथा उनकी आपसी एकता की दुश्मन जातिवादी पार्टियों द्वारा आरक्षण में कोटे के बंटवारे के प्रति सक्रियता से यह साफ है कि भाजपा व कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे–बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ़ा है। मायावती ने अगले पोस्ट में कहा हरियाणा की भाजपा सरकार के बाद अब तेलंगाना व कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों ने भी दलितों को बांटने के लिए उनके आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। वास्तव में यह आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने के इनके जारी षडयंत्र का नया प्रयास है।" बसपा प्रमुख ने कहा "अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य उपेक्षितों की राजनीतिक शक्ति को खतरा मानने वाली भाजपा, कांग्रेस व सपा जैसी जातिवादी पार्टियों के विभाजनकारी इरादों से अति–सावधानी जरूरी है ताकि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का कारवाँ मजबूत बना रहे।

**दलितों को आपस में लड़ाते रहने का है षड़यंत्र:** इसके पहले मायावती ने 18 अक्टूबर को कहा था कि अनुसूचित जाति (SC) के आरक्षण में वर्गीकरण लागू करने का हरियाणा सरकार का फैसला दलितों को फिर से बांटने और आपस में ही लड़ाते रहने का षड़यंत्र है।

# रोशनी जायसवाल के साथ जो हुआ, वैसा ही हमारे साथ भी हुआ : विनेश फोगाट

लोक तंत्र की आवाज़



**नई दिल्ली ।** रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा, हम रोशनी जायसवाल के साथ खड़े हैं, उनके साथ जो भी मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगाक्ष्इस मामले में हमारी लड़ाई अभी भी जारी है (महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला)क्ष्भाजपा ने हमेशा महिलाओं के खिलाफ अन्याय के मामलों को दबाने की कोशिश की है, उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने हमें भी ट्रोल कियाक्ष्अगर उन्होंने हमें ट्रोल करने के बजाय महिलाओं की सुरक्षा की होती, तो जनता ज्यादा खुश होती।

विनेश ने कहा कि एक महिला, बेटी और विधायक होने के नाते मैं हर महिला को विश्वास दिलाती हूं कि जिस किसी को भी लगता है कि उसके साथ गलत हो रहा है, तो हम सभी उसके साथ खड़े हैं। हरियाणा में 6–7 महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एक SP की शिकायत की है, जिसमें बताया गया है कि उनके साथ गलत हुआ है। मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि आने वाले समय में उन महिलाओं से ये बयान लिया जाएगा कि हमने ऐसा कुछ नहीं कहा है। लेकिन मैं आपको यकीन दिलाती हूं, अगर कोई आपको डराने की कोशिश करे, तो आपको सिर्फ एक कॉल करना है। हम आपकी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि जो लड़ाई हमने सड़क से शुरू किया था उस लड़ाई को लड़ने के लिए अब हम विधानसभा पहुंच गए हैं। बीजेपी के आईटी सेल द्वारा हमारी हिम्मत को तोड़ने की लगातार कोशिश की गई, बृजभूषण के खिलाफ केस को हम अंत तक लेकर जाएंगे। हमारे खिलाफ नैरेटिव गढ़ने की लगातार कोशिश की जा रही है, लेकिन हम झुकने वाले नहीं हैं।

## शरद पवार गुट मेरे भतीजे युगेंद्र को विधानसभा चुनाव लड़ाकर गलती कर रहा: अजीत पवार



लोक तंत्र की आवाज़

**मुंबई ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बारामती विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करते हुए कहा, मैंने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को लोकसभा में उतारकर गलती की थी।

अब शरद पवार गुट ने मेरे भतीजे युगेंद्र पवार को उतारकर वही गलती दोहरा दी है। बारामती विधानसभा सीट पर इस बार चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के गुट ने अजीत पवार के खिलाफ उनके भतीजे युगेंद्र पवार को उम्मीदवार के तौर पर उतारा है। युगेंद्र पवार, अजीत पवार के छोटे भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं और पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

अजीत ने माना सुप्रिया के खिलाफ पत्नी को लड़ाकर गलती की थी।

अजीत पवार ने ऐसा कहकर पारिवारिक मतभेदों और आंतरिक संघर्षों की तरफ इशारा किया है। उनके अनुसार, जैसे उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी को सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा करके एक गलती की थी, उसी तरह शरद पवार ने युगेंद्र पवार को उम्मीदवार बनाकर उसी राह पर चलने का चुनावी जोखिम उठाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले ने सुनेत्रा पवार को हराया था। जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में अजीत पवार ने इस सीट पर बड़ी लीड के साथ जीत दर्ज की थी। लेकिन अब पार्टी में बंटवारे के बाद बारामती की जनता एक बार फिर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

## लॉरेंस बिश्नोई से मिल रही धमकी पर सीएम नीतीश कुमार पर भड़के पप्पू यादव, बोले- मिलने का समय नहीं दे रहे

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** इन दिनों बिहार का सियासी पारा गर्माया हुआ है। 12 अक्टूबर को बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद से ही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम सामने आया है। हाल ही में, सलसान खान के साथ बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को भी लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिली है। जिसके बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

इसके अलावा, अब उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नीतीश उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सीएम के निजी सचिव से लेकर राज्य के मुख्य सचिव को भी फोन किया। लेकिन नीतीश से मीटिंग का समय तय नहीं हो सका।

**गैंगस्टर से मिली धमकी पर क्या बोले निर्दलीय सांसद? :** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को लगातार लॉरेंस गैंग से धमकी मिल रही है। इस पर सांसद ने कहा कि उनकी किसी से व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। वे सिर्फ वैचारिक बात करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में उन्होंने बहुत उतार–चढ़ाव देखे हैं। इसी बीच, उन्होंने कई बार राज्य के मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की, लेकिन मीटिंग नहीं हो पाई। आपको बता दें, धमकी मिलने के बाद भी वे एक्टर सलमान खान एवं बाबा सिद्दीकी के परिवार से मिलने के लिए मुंबई गए थे।

**सीएम नीतीश पर लगाया आरोप:** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद ने सीएम नीतीश पर कई आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि नीतीश उन लोगों को सुरक्षा दे रहे हैं, जिन्हें इसकी जरूरत नहीं है। मगर जो लोग सरकार में नहीं हैं, उन्हें वे समय तक नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अमित शाह को पत्र लिखकर अपनी वाई श्रेणी की सुरक्षा को जेड श्रेणी की करने की मांग की है।

## बीजेपी के 'विशेष हिंदू प्रेम' से टेंशन में मुख्यमंत्री नीतीश, 17% वोटों के डैमेज कंट्रोल के लिए छोड़ा तीर

लोक तंत्र की आवाज़




**पटना ।** योजना 3.53 करोड़ थी। अब इसमें वृद्धि कर नीतीश कुमार ने इसे 198 करोड़ तक पहुंचाया। यह अल्पसंख्यक कल्याण के बजट में लगभग 198 गुणा की वृद्धि मानी जा रही है।

**सेक्युलर बने रहना नीतीश की स्ट्रेटजी:** एनडीए की बैठक में अल्पसंख्यक के बीच जाने का जो निर्देश दिया है, उसके बिना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 220 प्लस का सपना पूरा भी नहीं हो सकता। साथ ही नीतीश कुमार की यूएसपी में सेक्युलरिज्म भी शामिल है। इसके लिए भी उन्हें मुस्लिम हितैषी बने रहना है।

हालांकि वो जानते हैं कि मुस्लिम मत का झुकाव राष्ट्रीय जनता दल की तरफ है। लेकिन योजनाओं और विकास के नाम पर नीतीश कुमार को मुस्लिम मत का कुछ हिस्सा मिलता रहा है। अब तो मुस्लिम मतों की दावेदारी करते अक्टक्ट और जनसुराज भी चुनावी समर में है। ऐसे में मुस्लिमों के बीच जाकर लाभकारी योजनाओं के जरिए यह याद दिलाना कि राजद सिर्फ वोट बैंक की थाती समझता है। लेकिन मुस्लिम हितों की रक्षा नीतीश नीत सरकार का मुख्य एजेंडा रहा है। वर्तमान अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान भी तमाम योजनाओं का बखान करते यह श्रेय नीतीश कुमार को देते हैं। कमोवेश कह लें कि नीतीश कुमार भी भाजपा की उस रणनीति पर चल रहे हैं जो भाजपा ने हरियाणा विधान सभा चुनाव में अपनाया। यानी जो वोट हमारा नहीं है उसे विभाजित कर दो। नीतीश कुमार इस रणनीति पर चलकर मुस्लिम मतों की अपनी हिस्सेदारी दुरुस्त करने में लगे हैं।

## महाराष्ट्र के साथ न्याय नहीं कर रही केंद्र सरकार: जयराम रमेश

लोक तंत्र की आवाज़

● नागपुर में लगने वाला प्रोजेक्ट गुजरात में लगा दिया



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव का असर अब सियासत पर दिखने लगा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ भाजपा को शिकस्त देने विभिन्न मुद्दों से अटे तरकश लेकर मैदान में कूद पड़ी है। संगठन के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा आरोप लगाया कि जिस टाटा–एयरबस सी–295 एयरक्राफ्ट सुविधा का शुभारंभ पीएम मोदी ने किया है। इस परियोजना को नागपुर में लगाया जाना था, लेकिन 2022 में गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इसे वहां स्थानांतरित कर दिया गया।

जयराम ने इसे महाराष्ट्र और साथ साजिश करार दिया। उन्होंने कहा इससे महाराष्ट्र महत्वपूर्ण निवेश से वंचित रह गया। ये महाराष्ट्र के साथ अन्याय है। जयराम ने कहा बात इतनी भर नहीं, जिस अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र को सिर्फ गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थापित किया गया है उसे डॉ. मनमोहन सिंह ने 2006 में मुंबई में स्थापित करने का प्रयास शुरू किया था। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में ज़मीन पहले ही संस्था के लिए अलग रखी गई थी। लेकिन इसे नाकाम कर दिया गया जिससे मुंबई में संभावित रूप से मिलने वाली 2 लाख नौकरियां चली गईं। तेजतर्रार नेता माने जाने वाले राज्यसभा सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री अपने खास अंदाज में पीएम मोदी को घेरने के प्रयासों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने केंद्र के एक और फैसले को महाराष्ट्र के खिलाफ बताते हुए कहा, मुंबई और सूरत ने दशकों से भारत के हीरा उद्योग को विकसित करने के लिए मिलकर काम किया है।

सूरत हीरा कटिंग और पॉलिशिंग का काम संभालता है, मुंबई व्यापार और निर्यात का काम संभालता है। लेकिन, भाजपा और उसके आकाओं ने सूरत में नया भारत डायमंड बोर्स बनाने का फ़ैसला किया। यह और बात है कि यह कदम पूरी तरह से विफल हो गया है, क्योंकि कई हीरा व्यापारी अपना कारोबार वापस मुंबई ले जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र के एक और फैसले को महाराष्ट्र के खिलाफ बताते हुए कहा, मुंबई और सूरत ने दशकों से भारत के हीरा उद्योग को विकसित करने के लिए मिलकर काम किया है। सूरत हीरा कटिंग और पॉलिशिंग का काम संभालता है, मुंबई व्यापार और निर्यात का काम संभालता है। लेकिन, भाजपा और उसके आकाओं ने सूरत में नया भारत डायमंड बोर्स बनाने का फ़ैसला किया। यह और बात है कि यह कदम पूरी तरह से विफल हो गया है, क्योंकि कई हीरा व्यापारी अपना कारोबार वापस मुंबई ले जा रहे हैं। उन्होंने टाटा–एयरबस विनिर्माण संयंत्र के अलावा (अब फेल हो चुके) वेदांता–फॉक्सकॉन चिप फैक्ट्री को भी महाराष्ट्र से गुजरात स्थानांतरित करने पर भी सवाल खड़े किये। 80 से अधिक वर्षों से मुंबई में स्थित कपड़ा आयुक्त कार्यालय को पिछले साल बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया था, इस तथ्य के बावजूद कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) वस्त्रों का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है, जयराम ने अपने सवालों के घेरे में केंद्र के इस कदम को भी रखा। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड को भी 2021 में नागपुर से दिल्ली स्थानांतरित करने पर भी सवाल खड़े किये। इतना ही नहीं उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने दस वर्षों तक मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की मांग पर कुछ नहीं किया।

## गाजा में इजरायल का कहर, 60 की मौत

लोक तंत्र की आवाज़

**दीर अल–बला।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में गाजा युद्ध का मैदान बना हुआ है। इजरायल की ओर से गाजा में एक बार फिर बड़ी सैन्य कार्रवाई की गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि मंगलवार तड़के उत्तरी गाजा में पांच मंजिला एक इमारत पर इजरायल ने हमला किया।

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि विस्थापित लोगों के आश्रय वाली इमारत पर इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। मंत्रालय में फील्ड हॉस्पिटल विभाग के निदेशक डॉ मारवान अल–हम्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को हुए हमले में मारे गए लोगों की संख्या के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 17 अन्य लोग लापता हैं। यह हमला इजरायली सीमा के पास उत्तरी शहर बेत लाहिया में हुआ, जहां इजरायल का पिछले तीन सप्ताह से एक बड़ा अभियान जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने कहा कि हमले में 20 अन्य लोग घायल हो गए हैं।



### इजरायली सेना की कामयाबी, पकड़े गए हमास के आतंकी

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हमास के खिलाफ जंग लड़ रही इजरायली सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा के कमाल अदवान अस्पताल में छापेमारी के दौरान लगभग 100 संदिग्ध हमास आतंकवादियों को पकड़ा है। इनमें वो आतंकवादी भी शामिल हैं जिन्होंने नागरिकों को निकालने के दौरान भागने का प्रयास किया था। अस्पताल के अंदर सेना को हथियार, आतंकी फंड और खुफिया दस्तावेज मिले हैं।

## कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भाजपा पर बोला हमला, कहा-भाजपा को नहीं दिखता है परिवारवाद

लोक तंत्र की आवाज़



**रांची।** कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने परिवारवाद के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा और कहा कि बीजेपी को बाघमारा में परिवारवाद नहीं दिखाई देता है।

कांग्रेस को परिवारवाद वाली पार्टी कहनेवाली भाजपा बाघमारा और पूरे झारखंड में क्या कर रही है, यह पूरे देश की जनता देख रही है. भाजपा को बाघमारा में परिवारवाद नहीं दिखायी दे रहा है. सोमवार को कतरास रानी बाजार में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बीजेपी पर निशाना साधा।

**केंद्र सरकार ने झारखंड के गरीबों के पैसे रोके:** मीर ने कहा कि झारखंड की गरीब जनता के 136 करोड़ रुपये को केंद्र सरकार ने रोक रखा है. झारखंड सरकार ने कृषि लोन माफ कर किसानों को काफी राहत पहुंचायी है, जो भाजपा को नहीं पच रहा है. झारखंड सरकार अब महिलाओं को 25 सौ रुपये देगी. कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई काफी बढ़ी है. मीर ने कहा कि चार दिन पूर्व कांग्रेस में आये कुछ लोगों को टिकट नहीं मिला, तो वैसे लोग नामांकन करने लगे हैं. ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

### जलेश्वर महतो को जिताने की अपील

इस दौरान लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने झारखंड सरकार द्वारा की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की. उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बार फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जलेश्वर महतो को भारी मतों से जितायें और इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं।

## रूस ने यूक्रेन के 2 सबसे बड़े शहरों पर किया हमला, कई लोगों की हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज़



**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है और फिलहाल इसके थमने के आसार नजर नहीं आ रहे है। इस बीच रूसी सेना लगातार आक्रामक होती जा रही है। भले ही यूक्रेन को पश्चिमी देशों से हथियार मिल रहे हैं लेकिन रूस लगातार यूक्रेन में बमबारी कर रहा है। हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन पर हमलों की तीव्रता में इजाफा किया है।

**रूस ने शहरों पर बरसाए बम :** रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों खार्किव और कीव पर भीषण बमबारी की है। रूस की ओर से किए गए इन हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए हैं और चार अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी है। मेयर इहोर तेरेखोव ने अपने टेलीग्राम मैसेजिंग चैनल पर कहा कि मंगलवार आधी रात के बाद रूस की तरफ से की गई बमबारी में खार्किव में चार लोग मारे गए है। रूस के हमले में शहर के सबसे प्रसिद्ध स्थलों में से एक डेरजप्रोम इमारत का अधिकांश हिस्सा नष्ट हो गया है, जो 1920 के दशक की है।

### रूस लगातार कर रहा है हमले

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर इससे पहले शनिवार रात को हमला किया था। इस ड्रोन हमले में 15 साल की एक लड़की की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं रूस ने यूक्रेन के मध्य क्षेत्र में भी मिसाइल हमले किए थे जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई थी।रूस की सेना ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के दो गांवों पर कब्जा भी कर लिया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा में चलती कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर अपराधियों ने बेगूसराय की महिला का किया हत्या




सुनील कुमार
**नवादा।** जिले में अपराधियों ने चलती कार में ताबड़तोड़ फायरिंग की जिससे कार में सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई. यह पूरी घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती पहाड़ के पास की है जहां बीती रात 28 अक्टूबर को युवती अपने पिता के साथ झारखंड के कोडरमा से बरबीघा जा रही थी इसी क्रम पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती गांव के पास चलती कार फायरिंग शुरू कर दी। घटना के बाद इलाके में आफरा-तफरी का माहौल मच गया. वहीं घटना की सूचना पर पहुंची शाहपुर थाना की पुलिस ने लड़की के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. जांच में पुलिस ने कार में दो जगह पर बुलेट्स के पॉइंट्स भी पाए हैं. मृतक युवती की पहचान बेगूसराय जिले के बछवारा निवासी मनोज कुमार की 26 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी के रूप में की गई है। इस घटना पर मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को आरती और उसके पिता मनोज कुमार बछवारा से झारखंड के कोडरमा गए हुए थे. वे अपनी बेटी का डीएलएड में असाइनमेंट पेपर जमा करवाने के लिए गए हुए थे. असाइनमेंट पेपर जमा कराकर वे अपने कार से घर वापस लौट रहे थे, लेकिन इसी बीच शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्वती पहाड़ के पास बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने उनके कार को रोक दिया और उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें एक गोली आरती के सीने में जा लगी, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद रहे पिता ने तत्काल इसकी जानकारी शाहपुर थाने को दी. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची. वहीं सुबह को घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम पहुंची जहां जांच के दौरान टीम ने दो खोखा बरामद किया. परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. इस घटना को किसने अंजाम दिया है इसका खुलासा अबतक नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए अज्ञात अपराधियों का पता लगाने में जुटी है।

### वारंटी को धमौल पुलिस ने भेजा जेल

**पकरीबरावां।** धमौल पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत धमौल बाजार से एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि धमौल बाजार निवासी छोटेलाल साव के पुत्र अनुज साव को गिरफ्तार किया गया। वह शराब से जुड़े एक मामले में वारंटी था। उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सिरदला: धनतेरस पर सिरदला प्रखंड के बाजारों में खरीददारों की उमड़ी भीड़



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला प्रखंड में आज धनतेरस के अवसर पर बाजारों में सुबह से ही लोग खरीददारी करते नजर आए। आभूषणों, बर्तनों, मिठाईयों, झाड़ू, गौरी गणेश की मूर्ति की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। इस पर्व को लेकर लोगों की मान्यता है कि आज के दिन बर्तन आभूषण खरीदना शुभ होता है। इसलिए हर साल इस दिन खरीदारी करना परंपरा बन चुका है। बर्तन विक्रेताओं ने बताया कि सुबह से ही ग्राहक धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी के लिए पहुंचने लगे थे। वह यही बताते हैं की महंगी आभूषण नहीं खरीदने वाले लोग धातु की बर्तन जरूर खरीदारी करते हैं। धनतेरस पर धातु की वस्तुएं खरीदना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस बीच धनतेरस पर बाजारों में भीड़ के कारण जाम की समस्या बनी रही।

# ज़िला पदाधिकारी एव एसएसपी द्वारा आज विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

लोक तंत्र की आवाज

**नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जितने भी छठ घाट हैं, सभी छठ घाटों में साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था रखें**



**गया।** श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का महापर्व छठ पर्व के अवसर पर छठ व्रतियों को अपेक्षित सुविधा प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा संयुक्त रूप से गया जिला के महत्वपूर्ण छठ घाटों का निरीक्षण किया गया है। पिता महेश्वर छठ घाट पहुच कर, किये जाने वाले व्यवस्थाओ का जानकारी लिया है। नदी के किनारे से घाट पहुच हेतु लोहे का चौड़ा प्लेट लगवाने को कहा है ताकि आम जन आसानी से घाट पर पहुच सके। घाट पर एव घाट पहुँचने की पूरी रास्ता में रौशनी की पूरी इंतेजाम रखे। नदी में कहीं को पानी मे ज्यादा गड्ढा न रहे, इसके लिये गोताखोर से गहराई जांच करवा ले। डैम के उत्तरी साइड अर्थात डैम के बाद नदी में ज्यादा गहरा को देखते हुए 100 मानपुर साइड से एव 100 मीटर गया साइड से बैरिकेडिंग करवाने को कहा है। साथ ही पदाधिकारी एव पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करवाने को कहा है। डैम के पास नियंत्रण कक्ष बनवाने को कहा है।सूर्यकुंड तालाब का निरीक्षण के दौरान उन्होंने गया नगर निगम एव भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को मजबूती से बेरीकेटिंग करने एवं तालाब के चारों ओर जमी काई को हटवाने का निर्देश दिया साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि सूर्यकुंड के चारों तरफ पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराएं। चेंजिंग रूम अस्थाई, पी ए सिस्टम, सीसीटीवी अधिष्ठापन कंट्रोल रूम का निर्माण कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वस्त कराया कि किसी भी हाल में कोई भी छठ व्रतियों, वेरीकेटिंग के बाहर पूजा ना करें, यह ध्यान दें। सूर्यकुंड घाट के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि वर्तमान में सूर्य कुंड में लगभग 15-20 फीट गहरा पानी है। जिला पदाधिकारी ने सूर्य कुंड पानी एवं सूर्य कुंड से निकलने वाले विभिन्न रास्तों के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि एंट्री एवं एग्जिट रास्ता सेपरेट रखें। उन्होंने अपर समाहर्ता आपदा शाखा को निर्देश दिया कि नाव सहित एसडीआरएफ की टीम सूर्यकुंड में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित रखें। सूर्य कुंड घाट में आने वाले सभी रास्तों को चलंत बनाएं यदि कहीं भी रास्ता खराब है तो उसे तुरंत स्मूथ बनाएं। सभी रास्तों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखें। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें अभी से ही रूट लाइन तैयार कर ले। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि संध्या अर्ग के समय सबसे ज्यादा भीड़ सूर्य कुंड में ही होता है। इसे देखते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी व्यापक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिजली के जर्जर तार या लटकी हुई तारों को तुरंत ठीक करावे। पहुच रास्ते मे एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर, मकान निर्माण किया जा रहा है, डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि तुरंत जांच करते हुए अतिक्रमण हटवाए। जिला पदाधिकारी ने आम जनों से अपील किया है कि सूर्यकुंड में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए संध्या अर्घ्य देने वाले छठ व्रती दोपहर 2:00 ही आकर अपना स्थान ग्रहण कर ले। एकाएक शाम में न आवे। सूर्यकुंड में क्षमता से अधिक वीर होने पर उसे देवघाट में डाइवर्ट किया जाएगा। डीएम ने आम जनों को अपील करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष नए घाट अर्थात विष्णुपथ घाट का भी निर्माण करवाया है। आप उस घाट का भी प्रयोग कर सकते हैं। पोलटेकनिक घाट निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने रास्ता को समतल बनवाने का निर्देश दिए उन्होंने निर्देश दिया कि छोटे आकार का जेसीबी मशीन लगाकर पूरे जंगल झाड़ को साफ करवा पर्याप्त संख्या में ट्यूबलाइट एवं बल्ब के माध्यम से रोशनी का पुख्ता इंतजाम करें घाट का प्रॉपर साफ सफाई करवाये।केंदुई घाट का निरीक्षण के दौरान उपस्थित छठ पूजा समिति के सदस्यों को जिलाधिकारी ने कहा कि केंदुई घाट पर काफी भारी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। नगर निगम को कहा कि केंदुई घाट को और अच्छे तरह साफ कराएं। वाहन पड़ाव के लिए उगे हुए झाड़ियों को साफ कराने का निर्देश दिया गया है। उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि दूर-दूर से आने वाले छठ व्रती इसी घाट पर भगवान सूर्य का अर्घ्य देते हैं। उपस्थित स्थानीय ने बताया कि इस घाट पर भीड़ अधिक होने के कारण चार-पांच अलग अलग सब घाट २४ ॠ केंदुई घाट में बनाया जाता जिससे भीड़ नियंत्रित रहती है। उन्होंने अपर समाहर्ता आपदा को निर्देश दिया कि केंदुई घाट काफी बड़ा घाट है इसलिए इस घाट पर माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रहनी चाहिए। इसके साथ ही जगह-जगह पर चेंजिंग रूम बनवाना सुनिश्चित करें। जगह जगह सीसीटीवी लगवाए। केंदुइ घाट आने के सभी रास्तो को स्मूथ,चलंत, समतल बनवाये। इसके साथ कि रौशनी की पूरी व्यवस्था रखे। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि जेसीबी मशीन से केंदुई घाट जाने के रास्ते को स्लोपिंग बनवाएं एवं चौड़ीकरण कराएं। ऐशी सूचना मिलती है कि संध्या अर्घ्य एव सुबह अर्घ्य देने आने वाले लोगो को ट्रैफिक जाम का बहुत समस्या होती है, इसे पूरी गंभीरता से ले,आमजन आसानी से घाट पहुच सके, उसके लिये वाहनों का आवागमन सुगम रखे। ज़िला पदाधिकारी ने आम जनों से अपील किया है कि जो श्रद्धालु केंदुई घाट पर अर्घ्य देना चाहते हैं तो वह समय से 1 घंटा पहले पहुच जाए यहां काफी अधिक भीड़ होती है। बेवजह रोड पर वाहन का पड़ाव न हो, इसे देखे। मुख्य सड़क को वन-वे रखे। खिरियावा घाट से बाईपास तक मोटरसाइकिल पुलिस टीम द्वारा भीड़ को रेगुलेट एव ट्रैफिक कंट्रोल किया जाएगा। घाट आने के रास्ते में जहां भी दलदल या जल जमाव है वहां पर बैरिकेडिंग करवाना सुनिश्चित करें रास्तों पर एवं घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। देवघाट का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गयाजी डैम के निर्माण होने से फल्गु नदी में काफी पानी एकत्रित है इसे देखते हुए उन्होंने कहा कि स्टील ब्रिज से सीताकुंड जाने वाले पैदल पाथवे होते हुए पंचदेव घाट तक पूरी मजबूती से बैरिकेडिंग करवाये ताकि एक सीमित पानी के बाद कोई गहरा पानी की ओर नदी में न जा सकें। उन्होंने कहा कि वेरीकटिंग के ऊपर लाल रंग का झंडा का भी लगावे ताकि लोगों को महसूस हो सकेगी बैरीकटिंग के बाद गहरा पानी है। उन्होंने निर्देश दिया कि पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, कंट्रोल रूम, चेंजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाएं सभी घाटों पर रखें। नगर आयुक्त गया नगर निगम को निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जितने भी छठ घाट हैं। सभी छठ घाटों में साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था रखें। इसी प्रकार देवघाट के तरफ भी सभी तैयारियां रखे। एसडीआरएफ एव गोताखोर की टीम नाव सहित लगातार मूवमेंट में रहे, इसे सुनिश्चित करवाये। मानपुर सूर्यपोखर तालाब का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण के पदाधिकारी को निर्देश दिया की मजबूती के साथ बेरीकेटिंग करवाये। जेसीबी के माध्यम से साफ सफाई करवाये। जहां कहीं भी मिट्टी कटाव हो रहा है उसे ठीक करवाये।इस निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर तथा नगर पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी छठ घाट पर पटाखा फोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित है, सभी आयोजक समिति एव प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एव पुलिस पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करवाये। इस निरीक्षण के क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा, एसडीओ सदर, टाउन डीएसपी, ज़िला आपूर्ति पदाधिकारी, ज़िला खनन पदाधिकारी, जन सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता बिजली, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, उप नगर आयुक्त गया नगर निगम सहित अन्य पदाधिकारी के साथ साथ आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर 52 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी

लोक तंत्र की आवाज



धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट
**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 03, अनुसूचित जाति/जनजाति में 03, पुलिस पर हमला में 01, मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 41 कुल 52 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 05 लीटर महुआ शराब एवं विदेशी शराब 116.1 लीटर बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 45 एवं कुर्की का निष्पादन की संख्या 10 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 624 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 72 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01 एवं मोटरसाईकिल 03 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## असामयिक मौत पर मांझी परिवार की 5 बेटियों को शिक्षाविद डॉ.अनुज करेंगे पढ़ाई की व्यवस्था

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार
**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ के कहरिया ग्राम में शकलदेव मांझी के भाई की मृत्यु के उपरांत शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए शिक्षाविद डॉ. अनुज सिंह मंगलवार को कहरिया पहुंचें। गांव जाकर उन्होंने सैकड़ो ग्रामीण एवं परिवार जनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया और अपने तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मृतक की पत्नी भी ग्रेजुएट हैं और पांच बच्चियों की मां है। सभी बच्चे काफी छोटे-छोटे हैं। अनुज सिंह ने बताया कि उन्हें भी यथासंभव सहायता किया जाएगा ताकि अपने पैर पर खड़ा होकर बच्चों का लालन- पालन कर सके। उन्होंने उनके बच्चों से भी मुलाकात किया। उनकी बेटी को मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ में पढ़ाने के लिए अपनी तरफ से आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने बच्चों को पढाने का अपील भी किया और उसमें हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया। उस गांव में लगभग चार सौ घर महादलित परिवार रहते हैं और शिक्षा के मामले में सभी काफी कमजोर है। उन सभी को यथासंभव अपने-अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्होंने समझाया। बता दें कि मॉडर्न शैक्षणिक समूह में सैकड़ो गरीब बच्चे निःशुल्क पढ़ते हैं। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि मेधावी परंतु गरीब घर के बच्चों को पढ़ाना मेरा जीवन का उद्देश्य बन चुका है वह चाहते हैं कि अधिक से अधिक बच्चे शिक्षित हो। उन्होंने मृतक की बड़ी बेटी को शीघ्र नामांकन कराने के लिए परिवार से अनुरोध किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार ,विपिन कुमार ,दिलीप कुमार, सोनू ,विपुल कुमार ,अनिरुद्ध कुमार, इस कुमा, संजय कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार,पारस कुमार सहित सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रक चालकों ने टोल प्लाजा के कर्मी के साथ की मारपीट, केस

लोकतंत्र की आवाज



**● टोल प्लाजा पर जबरन गाड़ी को पास करने से मना करने पर ट्रक चालक ने कर्मी के साथ की मारपीट**

राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** रजौली-बख्तियारपुर फोरलेन सड़क पर करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर जबरन गाड़ी को पास करने से मना करने पर ट्रक चालक ने टॉल कर्मी के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना के बाद टॉल प्लाजा के मैनेजर सुमित चौधरी ने टॉल प्लाजा पर उत्पात मचानेवाले 3 नामजद समेत 5-7 अज्ञात लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। थाने में दर्ज प्राथमिकी में टोल प्लाजा के मैनेजर उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी बलवीर सिंह के बेटे सुमित चौधरी ने बताया कि 28 अक्टूबर की दोपहर करिगांव स्थित टॉल प्लाजा पर लेन नंबर 5 पर प्रतिनियुक्त कर्मी प्रिया आसुर झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों से टॉल पास करने की राशि ले रही थी तभी अचानक रजौली से नवादा की ओर जाने के लिए ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर हइ 25 ङ 5508 लेन नंबर 5 पर आया और काउंटर पर बैठी कर्मी से अभद्र व्यवहार करते हुए से ट्रक को पास देने के लिए बोला। कर्मी द्वारा ट्रक को पास नहीं देने पर ट्रक चालक गाड़ी से नीचे उतरा और उसकी कर्मी से उलझ गया। साथ ही आसपास के 5-7 लड़के को भी बुला लिया और वहां पर प्रतिनियुक्त कर्मी प्रिया आसुर के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। इसी बीच टॉल प्लाजा पर प्रतिनियुक्त कर्मी आशुतोष गोस्वामी मामले में बीच-बचाव कर मामले को शांत करने पहुंचे। लेकिन उत्पात मचाने वाले सभी लोग मिलकर कर्मी आशुतोष को पीटने लगे और उनके कपड़े भी फाड़ दिए। टॉल प्लाजा पर उत्पात मचाने वाले लोगों ने टोल प्लाजा के बूम बैरियर को भी तोड़ डाला और सभी कर्मी को टोल प्लाजा से भगा दिया। जिससे 5 मिनट तक टॉल प्लाजा पूरी तरह से बाधित हो गया। तब मैंने घटना की सूचना रजौली थाना को दी। उत्पात मचाने वाले लोगों की पहचान नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के करणपुर गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद के बेटे रामाशीष कुमार, कुम्हरुआ गांव निवासी मुसाफिर यादव के बेटे लालू प्रसाद, अकबरपुर थाना क्षेत्र के दर्शन गांव निवासी जवाहर यादव के बेटे कौशल कुमार के रुप में हुई है। इसके अलावा 5-7 अज्ञात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि टॉल प्लाजा के मैनेजर के द्वारा लिखित आवेदन दिए गए हैं। आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एमओ के मनमानी से निशा भारत गैस के संचालक और कर्मी हैं परेशान

लोकतंत्र की आवाज




राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** रजौली एमओ के ऊपर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत खूब चरितार्थ हो रहा है।क्योंकि रजौली एमओ राजेश कुमार गुप्ता के मनमानी रवैये से निशा भारत गैस के संचालक और कर्मी काफी परेशान दिख रहे हैं। निशा भारत गैस के संचालिका निशा कुमारी ने बताया कि रजौली एमओ के द्वारा महसई मुहल्ला निवासी रेखा देवी नामक महिला का शिकायत लेकर बार-बार कर कार्यालय आते हैं उज्ज्वला योजना के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाकर कर्मी को डराते धमकाते हैं। जबकि उक्त महिला रेखा देवी को 2017 में ही उज्ज्वला योजना का लाभ दे दिया गया है। और वह नियमित तौर पर गैस का उठाव भी कर रही है। जो लोग उज्ज्वला योजना के नाम पर पैसा लेने की बात कर रहे हैं वह बेवजह आरोप लगा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि एक राशन कार्ड पर एक ही लाभुक को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा सकता है। लेकिन एक राशन कार्ड पर परिवार के कई सदस्यों का नाम अंकित रहता है।वैसे स्थिति में परिवार के अन्य सदस्य भी उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए आते हैं। और जब उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं दिया जाता है। तो वैसे स्थिति में वे लोग बेवजह पैसे मांगने का आरोप लगाकर परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसी भी तरह का शिकायत वरीय अधिकारियों को मिलता है तो वह जांच के लिए स्वतंत्र हैं वह आए और जांच करें उनका स्वागत है। लेकिन रजौली एमओ राजेश कुमार गुप्ता के द्वारा व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर बेवजह मुझे परेशान करते हैं। जो निंदनीय है। जैसे ही एमओ द्वारा निशा भारत गैस एजेंसी की जांच का मामला प्रकाश में आया वैसे ही चौक चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है कि एमओ साहब जितनी तत्परता निशा भारत गैस एजेंसी के जांच के लिए दिखा रहे हैं। काश उतनी तत्परता गरीबों को मिलने वाले अनाज के समय दिखाते तो शायद गरीबो को भी अच्छा चावल , गेहूँ और सही वजन मिल पाता।लेकिन व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर किसी को परेशान करना हास्यपद है।

## रेलवे स्टेशन का हुआ बदहाल, प्लेटफार्म पर दिखने लगी बड़ी-बड़ी दरारें, करोड़ों की लागत से महज कुछ माह पहले बनकर हुआ तैयार

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** पूर्व मध्य रेल अन्तर्गत दानापुर मंडल के किउल- गया रेलखंड पर स्थित वारिसलीगंज पुराने रेलवे स्टेशन के स्थान पर चकाचक नया स्टेशन भवन व प्लेटफार्म बनाया गया है, जिसे बनाने में रेलवे द्वारा करोड़ों रुपये की खर्च की गई है। लेकिन, काम कर रहे अधिकृत निर्माण कंपनी की लापरवाही और निर्माण सामग्री में गुणवत्ता की अनदेखी के कारण आए दिन विभिन्न प्रकार की शिकायतें मिल रही है। वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर मात्र कुछ माह पहले ही करोड़ों रुपये खर्च कर के लगभग आधा किलोमीटर लंबी प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है,जिसमें कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी दरारें दिखाना शुरू हो गया है,जिसे लोग सोशल मीडिया पर डालकर गुणवत्ता का मजाक उड़ा रहे हैं। ज्ञात हो कि किउल-गया रेलखंड का दो वर्ष पहले दोहरीकरण का कार्य शुरू होने के बाद वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर नया रेल भवन का निर्माण किया गया है। उसी समय अधिकृत निर्माण कंपनी इरकॉन के द्वारा रेलवे की जमीन घेराबंदी व नाला निर्माण की शुरूआत की गई थी। घेराबंदी एक तरफ करने के बाद कार्य बंद है। वहीं रेल परिसर का पानी निकास के लिए नए नाला का निर्माण किया जाना था, लेकिन नए के स्थान पर पुराने टूटे हुए जीर्णशीर्ण नाले की मरम्मती की जा रही थी, जिसे क्षेत्रवासियों के आपत्ति बाद कार्य को रोक दिया गया है, जो अब तक रुकी हुई है। इसी प्रकार कुछ माह पहले रेलवे प्लेटफार्म पर



घटियां ईट, बालू और सीमेंट उपयोग कर विभिन्न प्रकार का निर्माण किए जाने की शिकायत की गई थी, बावजूद अधिकारियों की मिली भगत से घटियां निर्माण सामग्री से निर्माण पूरी कर ली गई। परिणाम स्वरूप प्लेटफार्म पर यात्रियों को बैठने व धूप और पानी से बचाने के लिए सेड निर्माण के लिए बनाए गए सीमेंट के पिलर पर लोहे का सेड चढ़ाने के दौरान भर भराकर पिलर जमीन पर गिर गया, जिसमें एक मजदूर गंभीर रूप से जख्मी भी हो गये थे। उसी प्रकार मात्र कुछ माह पहले ही रेल ट्रैक के दोनों तरफ लगभग आधा किलोमीटर प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। प्लेटफॉर्म निर्माण में घटियां निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने के बाद प्लेटफार्म नंबर दो में कुछ दिनों बाद ही गिट्टी दिखने लगा था, जिसकी शिकायत बाद उपर से सीमेंट का लेप चढ़कर लीपा पोती कर दी गई। लेकिन, अब इसी प्लेटफार्म नंबर दो में जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारे दिखने लगी है, जिसे लोग सोशल मीडिया पर डालकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मजाक उड़ाने में लगे हुए हैं।

**मिट्टी धसने से आई हैं दरारें, हो जायेगा सही:** इस संबंध में पूछे जाने पर आईओडब्ल्यू नवादा ने बताया कि इरकॉन कंपनी द्वारा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न प्रकार का कार्य किया जा रहा है, जो लगभग 90 प्रतिशत हो चुका है। प्लेटफार्म में दरार के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए उपरी पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए जेसीबी व अन्य बड़े वाहन प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है, जिस कारण मिट्टी धस जा रही है और प्लेटफार्म में दरारें दिख रही है, जिसे ठीक कर लिया जाएगा। वहीं लोगों ने बताया कि प्लेटफार्म बनाने के लिए मिट्टी तो डाला गया, लेकिन प्रेशर मशीन के द्वारा ठीक से दबाया नहीं गया, जिस कारण मिट्टी धस रही है।

## बेहतरीन पत्रकारिता और जनहित के कार्यों को लेकर जिले के पत्रकारों को डीएम ने किया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार
**नवादा।** नवादा डीएम ने समाहरणालय सभागार में पत्रकारों के साथ एक बैठक कर पत्राकारों द्वारा जिले में बेहतरीन पत्रकारिता और सामाजिक कार्यों में बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेने पर पत्रकारों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कल मैं नवादा जिला से सेवानिवृत हो जाऊंगा। नवादा वासियों ने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया उसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। नवादा जिले के सभी पत्रकार अपने पत्रकारिता से समाज को एक अच्छा संदेश दिया। पत्रकारों ने सामाजिक कार्यों में रुचि लेकर जिला प्रशासन का साथ दिया। नवादा जिले में संपन्न रामनवमी ,दुर्गापूजा एवं मुहर्रम जैसे महान पर्व में भी नवादा के पत्रकारों ने अहम भूमिका निभाया और पत्रकारिता के माध्यम से समाज को शुभ संदेश दिया। मैं नवादा वासियों और जिले के आप तमाम पत्रकारों को कभी भूल नहीं पाऊंगा। नवादा में हमने आप लोगों की मदद से आवश्यक कामों को अंजाम तक पहुंचाया। समय -समय पर आप लोग हमें मार्गदर्शन भी दिया कि शहर में कहाँ खामियां है और क्या आवश्यक कार्य करने हैं। हम जिला प्रशासन के तरफ से यहां के मीडिया को धन्यवाद देता हूँ। आपलोगों की वजह से नवादा में जिला पदाधिकारी के रूप में हमने कई ऐतिहासिक काम किए हैं। मैं यहां हीं रिटायरमेंट ले रहा हूँ ,यह पल भी मेरे लिए यादगार रहेगा। इस मौके पर पत्रकार पंकज कुमार सिन्हा ,सुनील कुमार ,अशोक प्रियदर्शी ,सुधीर कुमार ,यशवंत सिन्हा ,अनिल विशाल ,सुधीर गुप्ता ,मनमोहन कृष्ण ,आलोक कुमार वर्मा ,बबलू कुमार ,सुरेश राय ,मिथिलेश कुमार ,वरुणेन्द्र कुमार ,विशाल कुमार ,अनिल शर्मा ,सोनू कुमार ,रोहित कुमार ,ऋषभ कुमार आदि पत्रकारों को प्रशस्तिपत्र दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सीएम योगी ने एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया, बोले- देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों पर सजग नागरिक बनकर नजर रखें



रत्न
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने आवास से एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा– देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के खिलाफ हम सभी को एक सजग नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भगवान धनवंतरि जयंती की बधाई देते हुए कहा– यह दिवस हम सभी को एकता और समर्पण का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने भगवान धनवंतरि जयंती की बधाई देते हुए कहा कि धनतेरस के इस पावन अवसर पर हम सभी को आरोग्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा, "आरोग्यता समाज और व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए अनिवार्य है, क्योंकि यदि समाज स्वस्थ होगा तो वह सशक्त होगा।" उन्होंने कहा कि यह दिवस हम सभी को एकता और समर्पण का संदेश देता है।

### मुख्य सचिव मनोज सिंह, मोनिका गर्ग समेत 27 आईएएस अगले साल होंगे रिटायर, लिस्ट के साथ आदेश जारी



रत्न
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कॉडर के 27 आईएएस अधिकारी वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनमें मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग और प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवींद्र नायक जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश कॉडर के 27 आईएएस अधिकारी वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनमें मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग और प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवींद्र नायक जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### ग्रामीणों ने युवकों पर लगाया शराब बेचने का आरोप

रिपोर्ट मुकेश सिंह



अफजलगढ़ इलाके में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें दो युवक बाइक पर शराब बेचते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना गांव अनवरपुर चण्डिका की बताई जा रही है, जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि युवक अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे थे वीडियो में दिखाया गया है कि युवक बाइक पर एक प्लास्टिक की बोरी रखे हुए हैं, जिसमें शराब भरी हुई बताई जा रही है। उनके चारों ओर ग्रामीण भी मौजूद हैं, जो इस गतिविधि को देख रहे हैं। एक ग्रामीण ने इस घटना की वीडियो बना ली, और जैसे ही बाइक सवार युवकों को इस बात का पता चला, वे वहां से भाग गए। आबकारी विभाग की तरफ से धामपुर के आबकारी निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपितों की पहचान की जाएगी और जल्द ही छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए की जाएगी कि अवैध शराब बिक्री पर काबू पाया जा सके और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

# बिजनौर: पुलिस और गो तस्करों में मुठभेड़, एक तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**आरोपी से गो कटान के उपकरण बरामद, मुठभेड़ के दौरान एक साथी फरार आवारा गोवंश को बनाते थे निशाना, क्षेत्र में होती थी मीट की सप्लाई**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
नजीबाबाद पुलिस और गो तस्करों के बीच देर रात उस वक्त मुठभेड़ हो गई, जब गो तस्कर गोकशी करने जा रहे थे इस दौरान जवाबी करवाई में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अवस्था में एक गो तस्कर को तमंचा, कारतूस और औजारों सहित गिरफ्तार किया है। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार देर रात नजीबाबाद पुलिस को सूचना मिली कि कुछ दिन पूर्व जिन लोगो ने ग्राम सिकन्दरपुर बसी के जंगल मे गोकशी की थी, वही लोग दोबारा कोई घटना करने की फिराक में ग्राम मुठभेड़ के बाद बदमाश को ले जाती पुलिस। गुनियापुर की तरफ से जंगल के रास्ते ग्राम सिकन्दरपुर बसी की तरफ बाइक से आ रहे है जिनके पास पशु कटान के औजार भी है। सूचना पर पुलिस द्वारा चेकिंग शुरू की गई तो ग्राम गुनियापुर की तरफ से बाइक आती दिखाई दी। पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बाइक सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगी तथा उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते भाग गया। पूछताछ में उसने ने अपना नाम नौशाद पुत्र कालू उर्फ कल्लू कुरैशी निवासी ग्राम अकबराबाद कोतवाली देहात जनपद बिजनौर बताया तथा भागे हुए व्यक्ति का नाम राशिद पुत्र रशीद निवासी ग्राम अकबराबाद थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर बताया। पुलिस ने अभियुक्त नौशाद के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक प्लास्टिक के बोरे में पशु काटने के उपकरण छुरी, चापड, रेती, लकडी का गुटखा, छोटी बडी रस्सियां आदि एक बाइक और घटनास्थल से एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी समीपुर में भर्ती कराया। मुठभेड़ के दौरान सड़क किनारे पड़ी गो तस्कर की बाइक। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वाट/सर्विलॉस प्रभारी मय टीम जनपद बिजनौर एसआई रामवीर शर्मा, एसआई सुभाष राणा, एसआई हिमांशु पंवार, एसआई विकास कुमार, पुलिसकर्मी मोहित, अंकुर, निखिल, मोनू, रोहित, दीपक, अंकित, नितिन आदि शामिल रहे।

**दिन में आवारा पशुओं की करते थे रेकी :** पुलिस पूछताछ करने पर पकड़े गए गो तस्कर नौशाद पुत्र कालू उर्फ कल्लू कुरैशी ने बताया कि वह अपने साथी नदीम पुत्र बुन्दू, आरिफ पुत्र शमीम लगंडा, राशिद पुत्र रशीद निवासीगण ग्राम अकबराबाद आवारा गोवंशीय पशुओं की दिन में देख रेख कर लेते है और आवारा गोवंशीय पशुओं का रात के अंधेरे मे सुनसान जगह पर ले जाकर उनको काटकर मांस को आस पास के क्षेत्रों मे बेचते है। राशिद की ग्राम हिन्दुपुर में मीट की दुकान भी है जिसकी आड़ में भी राशिद गोवंश का मांस बेचता है। उन्होंने चार दिन पूर्व भी रात्रि में अपने तीनों साथियों के साथ ग्राम गुनियापुर की तरफ जंगल में घूम रही एक गाय को काटकर उसके अवशेष पास मे ही तालाब में फेंक दिये थे और मास को आसपास के लोगो को पॉलीथिन द्वारा बेच दिया था।

# बलिया : धनतेरस पर बाजारों में उमरा जन सैलाब

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** मंगलवार को धनतेरस पर खरीदारी हेतु बाजार में जनसैलाब उमड़ा है और बाजारों में जमकर धन की वर्षा हो रही है।परंपरा व आस्था के पर्व पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं और करोड़ो का व्यवसाय होने की उम्मीद है।इसी उम्मीद में सिकंदरपुर बाजार सज-धज कर तैयार भी है।धनतेरस पर केवल इलेक्ट्रानिक्स और बर्तनों का बाजार ही नहीं बल्कि लाइटिंग और साउंड सिस्टम का बाजार भी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है नगर के शंकर इलेक्ट्रिक सहित विभिन्न दुकानों पर पांच मीटर से लेकर 100 मीटर लंबी लाइटिंग सीरीज़ उपलब्ध हैं।इसके अलावा विभिन्न प्रकार के साउंड सिस्टम भी बाजार में हैं जो घरों में इस दिवाली उत्साह और खुशी का माहौल बना रहे हैं। ग्राहकों के आने का इंतजार है। बाजार में काफी चहल-पहल और बिक्री शुरू हो गयी है। इस अवसर के लिए दुकानदारों ने भी अपने दूकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। सोना-चांदी और बर्तन की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ है और लोग खरीदारी कर रहे हैं।इसको लेकर बर्तन और ज्वेलरी दुकानदारों ने विशेष तैयारी है। मान्यता है कि धनतेरस पर सोना और चांदी के सामान खरीदने से कुबेर भगवान खुश होते हैं। वहीं घर में सुख और समृद्धि आती है। उम्मीद है कि सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के की बिक्री की उम्मीद धनतेरस के अवसर पर आभूषण और बर्तन दुकानों पर जमकर बिक्री होगी।सिक्के के साथ बर्तन की बिक्री पर जोर है।मांग के अनुरूप इस बार अधिक से अधिक आभूषण और सिक्के की बिक्री होने की उम्मीद है। इसके अलावा चम्मच से लेकर डिनर सेट तक जहां बिकेगा वहीं जरूरत के बर्तन भी लोग खरीदेंगे। इस उम्मीद में दुकानदारों ने जमकर खरीदारी की है। भारत बर्तन भंडार व बड़े बर्तन भंडार के दुकानदार विक्की अहमद व नसीम अख्तर ने बताया कि उम्मीद है कि बिक्री अच्छी होगी। वहीं आभूषण व्यवसायी डॉ उमेश चन्द ने बताया कि धनतेरस को लेकर बाजार में उछाल है बिक्री शुरू हो गयी है लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की डिमांड काफी ज्यादा है धनतेरस पर लोग सोने,चांदी की जमकर खरीदारी करते हैं। ज्वेलरी की दुकानों पर भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा है। इसके अलावा लोग सोने चांदी के सिक्कों की काफी ज्यादा खरीदारी करते हैं।

# दिव्यांगों को दी गई मोटराइज्ड ट्राई सायकिल

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** सदर विधायक व प्रदेष सरकार के परिवहन मंत्री दयाषंकर सिंह के सौजन्य से नारायणी सिनेमा स्थित कैंप कार्यालय पर दिव्यांगजनों में मोटराईज्ड ट्राई सायकिल का वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री के अनुज धर्मेंद्र सिंह ने 6 दिव्यांगों को मोटराईज्ड ट्राई सायकिल व अन्य उपकरण का वितरण किया ट्राई सायकिल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर आसरा केंद्र बलिया के निधि सिंह के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया था। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर उनसे संबंधित उपकरण को उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबदध है। इसके तहत पूरे विधानसभा में दिव्यांगजनों को चिहिंत कर उन्हें ट्राई सायकिल व अन्य उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। मोटराईज्ड ट्राई सायकिल के लिए मानक तय किया गया है और इसे पूरा करने वालों को इसे प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में अमिताभ उपाध्याय, हर्श सिंह, आसरा के निधि सिंह, षिवजी सिंह चंदेल, मनीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्ट्रोक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़




**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** मंगलवार को सर्व सेवा संस्थान, नवरतनपुर द्वारा विश्व स्ट्रोक दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया हमारा अभियान स्ट्रोक की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंधराज ने बताया कि स्ट्रोक एक बेहद गंभीर चिकित्सीय स्थिती है जिसका समय पर इलाज न होने पर व्यक्ति को लंबे समय तक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है वहीं कई बार यह जानलेवा भी साबित हो सकता है इस वर्ष विश्च स्ट्रोक दिवस की थीम ग्रेटरथैनस्ट्रोक एक्टिव चौलेंज' रखी गई है यह थीम इस स्पोर्ट्स स्ट्रोक के लक्षणों को कैसे कम करें इस पर रखी गई है स्ट्रोक एक ऐसी स्थिति है जिसमें मस्तिष्क में मौजूद खून की नलियां फट जाती हैं या खून की नलियों में बहाव रुक जाता है सुनिल कुमार प्रजापति ने बताया कि स्ट्रोक के कुछ सामान्य लक्षणों में अचानक कमज़ोरी, शरीर के एक तरफ सुंनपन गंभीर सिरदर्द भटकाव और चक्कर आना शामिल है हालाँकि साइलेंट स्ट्रोक के मामलों में जहाँ कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते हैं स्ट्रोक के चेतावनी संकेतों को जल्द से जल्द पहचानना जीवन बचाने या मस्तिष्क को आजीवन क्षति से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है स्ट्रोक के मरीज़ को अगर पहले लक्षण दिखने के 90 मिनट के अंदर उचित उपचार मिल जाए तो वह बिना किसी नुकसान के पूरी तरह से ठीक हो सकता है याद रखें कि स्ट्रोक के इलाज के लिए तुरंत कार्रवाई ज़रूरी है क्योंकि मरीज़ को जितनी जल्दी चिकित्सा सुविधा मिलेगी परिणाम उतना ही बेहतर होगाइस अवसर पर परमानन्दए नागेन्द्र यादव, पवन, अरविन्द्र, प्रिंस एवं डी एड विशेष शिक्षा-श्रवण बाधिता व बौद्धिक अक्षमता के छात्र उपस्थित रहे।

# बलिया महोत्सव का हुआ शानदार आगाज, बंगाल विभाजन पर बनीं फिल्म बंगाल 1947 का किया गया प्रर्दषन

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सोमवार से शुरू हुए कला संस्कति और विरासत के बेजोड़ संगम के पांच दिवसीय बलिया महोत्सव का शानदार आगाज हुआ नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व सीआरओ त्रिभुवन आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सुबह मैराथन व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया महोत्सव के पहले दिन बंगाल के विभाजन की पृष्ठभूमि पर बनीं फिल्म बंगाल 1947 की विशेष प्रस्तुति की गई फिल्म में जमींदार वंश से आने वाले लंदन में पढे-लिखे एक व्यक्ति व निचली जाति की एक महिला के बीच प्रेम संबंध की कहानी को बयां किया गया है करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली फिल्म को मंत्री दयाशंकर सिंह सहित सैकडों की संख्या में मौजुद लोगों ने पूरी तन्मयता के साथ देखा। फिल्म में बंगाल बंटवारे की त्रासदी को जिस तरह से प्रदर्षित किया गया है उसे देख लोग द्रवित हो उठे। खासकर महिलाओं पर हुए जुल्म को जिस तरह से फिल्म में चित्रित किया गया है उसे देख लोग द्रवित हो उठे। फिल्म में बंगाल विभाजन के दर्द को कलाकारों ने जिस तरह से प्रस्तुत किया है उसे देख लोग जमकर ताली बजाए। इस दौरान पूरा पंडाल भारत माता के जयकारे से गूंज उठा। आयोजन में फिल्म के डायरेक्टर आकाश आदित्य लामा, फिल्म अभिनेता अंकुर अरमान, अभिनेत्री सुरभि कृष्णा, सह कलाकार विक्रम आदि सभी कलाकारों को मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के कपिलदेव, जितेंद्र राव, सोनू सिंह, देवेश राय, राघव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दीपावली और छठ पर काम करने वाले रोडवेज बस चालकों को मिलेगा 'इनाम', विभाग ने की तैयारी

लोक तंत्र की आवाज



रत्न
**लखनऊ।** एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि ड्यूटी करने वाले सभी नियमित संविदा चालक व परिचालक एवं आउटसोर्सिंग परिचालकों के लिए प्रोत्साहन योजना लाई गई है। इस अवधि में लगातार 13 दिन कार्य कर 3900 किमी की लक्ष्य पूरा करने वालों को 5200 एवं लगातार 12 दिन काम करने एवं 3600 किमी का लक्ष्य हासिल करने वालों को 4200 रुपये दिए जाएंगे। एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि ड्यूटी करने वाले सभी नियमित, संविदा चालक व परिचालक एवं आउटसोर्सिंग परिचालकों के लिए प्रोत्साहन योजना लाई गई है। इस अवधि में लगातार 13 दिन कार्य कर 3900 किमी की लक्ष्य पूरा करने वालों को 5200 एवं लगातार 12 दिन काम करने एवं 3600 किमी का लक्ष्य हासिल करने वालों को 4200 रुपये दिए जाएंगे। संविदा व आउट सोर्सिंग कर्मियों को 0.55 पैसे के हिसाब से अतिरिक्त देय होगा। बताया कि अमेठी डिपो में वर्तमान में 50 बसें हैं। वहीं, प्रतिदिन करीब पांच हजार यात्री इन बसों से यात्रा करते हैं। इसके अलावा यहां नियमित व संविदा व आउटसोर्सिंग से तैनात चालक-परिचालक व कार्यशाला के नियमित व संविदा कर्मियों को मिलाकर लगभग 100 कर्मचारी कार्यरत हैं। निर्धारित तिथि में यह नियमानुसार कार्य करते हैं तो जारी की गई प्रोत्साहन राशि का लाभ इन्हें ही मिलेगा।

# जिलाधिकारी ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**
**बलिय।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने अर्हता तिथि 01नवम्बर के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को फॉर्म-06 प्रदान कर अपील किया कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराए जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त का कार्य 29 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहा है। 28 नवम्बर तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान की इन विशेष तिथियों पर बीएलओ अपने बूथ पर उपस्थित रहेंगे, बीएलओ से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया है, वोटर लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड हैं, आप लोग अपना नाम चेक कर सकते हैं। नाम में कोई त्रुटि हैं, तो ठीक करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए ऑनलाइन भी फॉर्म कहीं से भर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप को डाउनलोड कर इसके माध्यम से भी फॉर्म भर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित एवं संशोधन इत्यादि के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट **https://voters.eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट **https://ceouttarpradesh.nic.in** पर जाकर अपने मोबाइल नम्बर द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप ऑनलाइन स्वयं से फॉर्म भरते हैं तो अपना नाम, अपने पिता का नाम आदि की स्पेलिंग सही से भरेंगे, जिससे नाम में अशुद्धि की शिकायत नहीं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी अन्य स्थान पर जाकर रहने लग गए हैं तो फॉर्म-8 भर सकते हैं, फॉर्म-8 के माध्यम से आपका नाम नए स्थान के मतदाता सूची में दर्ज हो जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम बार आवेदन कर रहे, नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करवाने के लिए फार्म-7 एवं निवास परिवर्तन/मतदाता सूची की प्रविष्टियों में संशोधन/मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए फार्म-8 भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष एवं 19 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं तथा महिलाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं ' उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल एवं कॉलेज,जहां पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र एवं छात्राएं हैं, उन सभी का फॉर्म भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप बनाया गया है। निर्वाचन से संबंधित सभी आंकड़े व लिटरेचर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड है। उन्होंने सभी से अपील किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके, लोग अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराए तथा मतदान के दिन मतदान अवश्य करें। अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें,जिससे वह भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कर सकें।

# बिजनौर : डम्पर-रोडवेज बस की टक्कर एक दर्जन यात्री घायल

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
धामपुर क्षेत्र में शनिवार को यात्रियों से भरी एक रोडवेज बस की तेज रफ्तार डम्पर से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां दो की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना शनिवार को नगीना रोड पर एनएच 74 पर हुई। उत्तराखंड रोडवेज की यह बस देहरादून से रुद्रपुर जा रही थी। धामपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक डम्पर से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया। जहां दो यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च केंद्र रेफर कर दिया गया। घायलों में प्रतिभा (पाटी, चंपावत), दीपांशी (खटीमा), मांशी शुक्ला (बाजपुर, उद्यम सिंह नगर), रीना राणा और सुमित्रा राणा (दोनों देहरादून), विवेक (रुद्रपुर), प्रशांत धामी (सितारगंज) सहित कई अन्य शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### धनतेरस पर एकमा में जमकर हुई खरीदारी, सोने-चांदी खूब बिके



लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। धनतेरस को लेकर मंगलवार को नगर पंचायत एकमा बाजार में महंगाई के बावजूद जमकर खरीददारी हुई। बाजार में देर शाम तक उपभोक्ताओं की भीड़ रही। जेवरात, बिजली उपकरण, बर्तन दुकानों व लक्ष्मी-गणेश व कुबेर की मूर्तियों की खरीदारी हेतु विशेष भीड़ देखी गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर के पुजारी पं नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि का जन्म हुआ था। इस दिन खरीदे गए सामानों को शुभ माना जाता है। बर्तन की खरीदारी का इस दिन विशेष महत्व माना गया है। वहीं एकमा बाजार के अलावा रसूलपुर व परसागढ़ बाजार सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में बर्तन व अन्य पूजन सामानों की दुकानों पर खरीददारी हेतु काफी भीड़ उमड़ी। झाड़ू की खरीददारी हेतु भी काफी भीड़ रही। विशेषज्ञों के अनुसार इस दिन सोना-चांदी सहित झाड़ू खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस पर बर्तन खरीदने का विशेष महत्व होता है। इस दिन खरीदे हुए रजत में नौ गुने की वृद्धि हो जाती है। चांदी के बदले चाहें तो ताम्बे की वस्तु भी खरीद सकते हैं।

### लीला पैलेस में 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में धनतेरस व दीपावली के अवसर पर क्षेत्र वासियों के जन कल्याण व खुशहाली हेतु मंगलवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर वार्ड 13 में स्थित तालाब के समीप नवनिर्मित लीला पैलेस में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना के बाद 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। अखंड अष्टयाम के समापन के बाद बुधवार को लीला पैलेस के उद्घाटन व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसकी जानकारी वरिष्ठ जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार तिवारी ने दी है।

### बोरियो विस क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री गौतम सिंह ने उमवि गदाई, मोतीझरना के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया



लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। उनके द्वारा उ0म0वि0 अम्बाडीहा, सकरीगली के मतदान बूथ संख्या 183 का निरीक्षण करते हुए बी0एल0ओ0 अमूल कुमार के साथ एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ मतदान केंद्र संबंधी सुविधाओं पर विचार विमर्श किया गया। श्री सिंह द्वारा इसके पश्चात बोरियो विधानसभा में चल रहे नामांकन प्रक्रिया का अवलोकन हेतु निर्वाची कार्यालय में भ्रमण किया

# सभी थानों में सीसीटीवी नियमित रूप से कार्य करने चाहिए इसकी निगरानी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आलोक में की जाती है

लोकतंत्र की आबाज




- थानों में सीसीटीवी अधिष्ठापन, खनन टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा समिति, विधि व्यवस्था की समीक्षा, आदि को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने मंगलवार को सभी थानों में सीसीटीवी अधिष्ठापन, खनन टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा समिति, विधि व्यवस्था की समीक्षा, दीपावली/काली पूजा एवं छठ पर्व 2024 से संबंधित तैयारी की समीक्षा, भूमि विवाद की समीक्षा, समाधान पोर्टल पर प्रगति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में किया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा थानों में अधिष्ठापित सी सी टीवी स्थिति की समीक्षा के क्रम में यह बताया गया कि सभी थानों में सीसीटीवी नियमित रूप से कार्य करने चाहिए एवं इससे संबंधित रिपोर्ट जिला गोपनीय शाखा में सभी थाना प्रभारी उचित माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे इसकी निगरानी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आलोक में की जाती है अतः किसी भी परिस्थिति में सीसीटीवी खराब नहीं रहने चाहिए इसका नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके पश्चात खनन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा खनिज विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की जितने भी वाहन ओवरलोडिंग या अवैध खनन के रूप में पकड़े जाते हैं उनको निर्धारित समय अवधि में अग्रेतर कारवाई, नीलामी इत्यादि हेतु जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थापित करना सुनिश्चित करेंगे इसमें विलंब की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी।

उसके पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न दिशा निर्देशों से सभी पदाधिकारीगण को अवगत कराने का निर्देश दिया गया एवं सरकार द्वारा दिए गए निदेशो जिसमें हेलमेट की अनिवार्यता हिट एंड रन के मामले को गंभीरता से लेने हेतु सभी पदाधिकारी को निदेशित किया गया। विधि व्यवस्था की समीक्षा क्रम में दीपावली, काली पूजा एवं छठ हेतु आवश्यक तैयारी करने घाटो इत्यादि का निरीक्षण करने, पटाखा बिक्री दुकानों की नियमित जांच करने एवं एवं बस स्टैंड इत्यादि पर अनाधिकृत वाहनों का प्रवेश या निर्धारित समय अवधि से अधिक समय तक वाहनों के पडाव का नियमित जांच करने एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

भूमि विवाद की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी /अंचल अधिकारी/ थानाध्यक्ष को निदेश दिया गया कि थाना एवं अंचल स्थल पर प्रत्येक सप्ताह में होने वाली भूमि विवाद से संबंधित बैठकों की कार्रवाई को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाक्षिक अनुमंडल स्तर पर होने वाली भूमि विवाद के बैठकों का प्रतिवेदन अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर अशोक मिश्रा, अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी सभागार में तथा अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# पीरपैंती : धनतेरस के मौके पर जमकर हुई धन की वर्षा





लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** धनतेरस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर लोगों के चहल पहल से बाजार गुलजार रहा ।अपनी क्षमता के अनुसार लोग खरीदारी करते नजर आए ।खास कर कर बर्तन के दुकान पर बहुत ज्यादा भीड़ लगी रहे। सोने चांदी के दुकानदार बबलू सोनी ने बताया कि दुकानदारी ठीक चल रही हैं ।

बर्तन दुकानदार कैलाश में बताया कि बर्तन के बिक्री ठीक हो रही ।विशेष करके लोग पीतल के बर्तन की खरीदारी कर रहे हैं ।बहुत लोग पीतल के सूप , तथा अन्य सामग्री खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। मिठाई और फलों के दुकान पर भी उसी तरह के भीड़ है । गणेश लक्ष्मी प्रतिमा बेचने वाला दुकानदार चीकू कुमार और गणेश कुमार ने बताया की प्रतिमा की बिक्री ठीक से हो रही है ।लोगों के चहल-पहल पर सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है ,लेकिन प्रशासन मुस्तैद है ।कहीं भी ज्यादा भीड़ लगने नहीं दे रहे हैं। बाजारों में विशेष रौनक नजर आ रहा है। धन्वंतरि जयंती के अवसर पर शल्यदीपि ब्राह्मण परिवार के सुमन बिहारी मिश्रा ,शंकर प्रसाद मिश्रा, बद्री विशाल शास्त्री , कमलेश पाठक ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में धन्वंतरि जयंती का पूजन किया और आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि का नमन किया।

## विस चुनाव के मद्देनजर समान्य प्रेक्षक श्री गौतम सिंह (आईएएस) का नया परिसदन भवन में आगमन हुआ



लोकतंत्र की आवाज

**साहेबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया । विधानसभा चुनाव- 2024 के परिप्रेक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 02 - बोरियों( अ0ज0जा0 ) विधानसभा चुनाव- 2024 के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में श्री गौतम सिंह ( आईएएस) की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# दीपावली काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर बिथान थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**बिथान/समस्तीपुर।** थाना परिसर में दीपावली काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर थानाध्यक्ष राजू कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति की बैठक में थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में कई स्थानों में प्रतिमा स्थापित कर काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सभी जगह सुरक्षा का पुख्ता इतंजाम होगा। जहां मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला ध्यान में रखते हुए उस स्थानों में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम की जाएगी।

वहीं शांतिपूर्ण दीपावली एवं छठ पूजा संपन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मानएं जाने एवं साथ ही विधि व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की पूर्ण मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह से दूर रहें अगर कहीं कोई अप्रिय बात हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के अलावे ज्यादा पानी वाले छठ घाटों में बांस से बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था होगी।अफवाह फैलाने वालों को प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगी। लोक आस्था का महान पर्व छठ को लेकर उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों नदी किनारे घाटो तालाबों में छठ पर्व मनाया जायेगा। थाना क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। मौके पर मुखिया राजेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रेवती रमण उर्फ डब्ल्यू यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव, पूर्व मुखिया हरदेव मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि स्वतंत्र कुमार,पूर्व मुखिया कैलाश राय, सरपंच संघ प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव, अवध यादव, समाज सेवी प्रवीण यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गण मान्य लोग उपस्थित थे।

# धनतेरस पर जम कर हुई खरीदारी बाजार रहा गुलजार

लोकतन्त्र की आवाज़



**वारिसनगर/समस्तीपुर।** वारिसनगर प्रखण्ड के वारिसनगर मनियारपुर गुदरी किसनपुर चारो सत्मलपुर कसोर कुसैया आदि बाजार चौक पर धनतेरस पर खरीदारी वास्ते लोगों की काफी भीड़ देखी गई । थानाध्यक्ष निरंजन कुमार की देख रेख में पूरे थानाक्षेत्र के सभी बाजार चौक पर पुलिस मौजूद रही है। वही खानपुर प्रखंड के गुदार घाट रोड स्थित नवनिर्मित प्राइम मॉल, चकवाखर बॉयज लुक में धनतेरस के अवसर पर खरीददारी का उत्साह देखने को मिला ।

शिवाजीनगर, बाघोपुर, हथौड़ी, खानपुर सहित आस पास के लोग सुबह से ही खरीददारी करने मॉल में आने लगे थे। इस दिन मॉल में बर्तन, वस्त्र और अन्य आवश्यक सामानों की जमकर बिक्री हुई। हथौड़ी, शिवाजी नगर, खानपुर और बाघोपुर के लोग सुबह से ही खरीदारी के लिए मॉल पहुंचने लगे थे। महिला ग्राहकों खुशबू कुमारी, सीमा कुमारी, दिलीप ठाकुर और रोशन कुमार ने बताया कि मॉल के खुलने से उन्हें काफी सुविधा मिली है। अब उन्हें खरीदारी के लिए दूर शहर नहीं जाना पड़ेगा, और सभी सामग्री एक ही छत के नीचे, कम कीमत पर उपलब्ध है।बॉयज लुक के संस्थापक प्रमोद कुमार, मॉल के संस्थापक तनवीर अहमद ने बताया कि धनतेरस पर शहर से सटे तीन प्रखंडों के लोग खरीददारी के लिए आए थे। उन्होंने कहा, ₹उम्मीद से ज्यादा खरीददारी हुई है।

यहां के लोगों को अब बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में लोग और अधिक खरीदारी करेंगे। चकवाखर में स्थित बॉयज लोग के संस्थापक प्रमोद कुमार ने बताया कि ग्राहकों के लिए छठ दीपावली पर विशेष छूट दी जाएगी। बॉयज लुक में जिंस पर 30% से 50% की छूट दी गई है।

# जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित मरियम हांसदा, रजनी देवी, नीलू खातून, गुलबदन खातून, एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित एवं असंबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

# खानपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में हुई मारपीट, घायल सदर में इलाजरत

लोकतन्त्र की आवाज़



**दिलीपकुमार ठाकुर।**

**खानपुर/समस्तीपुर।** थाना क्षेत्र के रेबड़ा में देर शाम को हुई जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना में करीब 3 लोगों की घायल होने की बात कही गई है। घायलों में प्रिंस कुमार, पिंकी देवी चंदन कुमार, सामिल है। सभी घायलो का इलाज सदर अस्पताल समस्तीपुर में कराया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया है की जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में कहा सुनी सुरु हो गई। कहा सुनी देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष के 3 लोगों की घायल होने के बाद कही गई है।

तीनो घायल सदर अस्पताल में एलाजरत है। जिसमें चंदन कुमार की स्थिति नाजुक बताई गई है। घटना के संबंध में घायल प्रिंस कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमे मेरे मम्मी पिंकी देवी मामा चंदन कुमार और हम घायल हो गए।सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में करवाया जा रहा है। खानपुर थाना प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि डायल 112 टीम घटनास्थल पर पहुंची है। आवेदन अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

# 1008 कन्याओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज

- चार दिवसीय काली पूजा उत्सव शुरू, भक्तों की जुटने लगी भीड़

**मामलोत सेख**

**बरहरवा ।** सार्वजनिक बड़ी काली मंदिर काली ताला में मंगलवार से दिवसीय काली पूजा उत्सव 1008 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकालकर प्रारंभ हुआ। बड़ी काली मंदिर कली तला से कलश यात्रा निकाल कर बंगालीपारा हाटपाड़ा थाना रोड कहारपारा काली तला घोड़ायपोखर होते हुए मंदिर पहुंचा । इसके बाद मां काली का अभिषेक किया गया। पश्चिम बंगाल के विभिन्न शक्तिपीठों से आए पुरोहित देवाशीष चौधरी के नेतृत्व में महा काली की पूजा अर्चना एवं हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद संध्या में महा आरती एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़हरवा के विभिन्न क्षेत्रों से ग्रामीण एकत्रित हुए।

**आज होगा महा रुद्राभिषेक:** चार दिवसीय काली पूजा उत्सव त्योहार से शुरू हुई आज बुधवार को देवघर बाबा बासुकिनाथ बाबा अजमेर नाथ बाबा मनोकामना मंदिर से आए पुरोहितों के द्वारा बाबा भोलेनाथ एवं चंडी पाठ संपन्न होगा प्रबंध समिति की ओर से सारी तैयारी पूरी कर ली गई है महा रुद्राभिषेक में बहरवा के कई लोग शामिल होंगे ।

**छोटे बच्चों के द्वारा आज होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम:** चार दिवसीय काली पूजा उत्सव के दूसरे दिन बहरवा एवं आसपास के बच्चों के द्वारा यूनिक डांस ग्रुप के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य सामूहिक नृत्य सामूहिक नाटक के अलावा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा।

**विधि व्यवस्था में जुटे लोग :** बड़ी काली मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पांचो सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सिंटू शाह महासचिव अमन राय के अलावा समिति के विनीत दास राजा चौधरी विनोद भास्कर सनी दास सौरभ चौधरी रोनित दास अनूप शाह विशाल बाबुल आकाश भास्कर नंदिनी शाह तपन शाह सी खोखन देव साहा रोकी रितिक। स्वरूप सिंह चंदन सिल अरुण सिंह सुनील घोष के अलावे अन्य लोग शामिल थे।



## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः दिपावली एवं छठ पर्व को लेकर अरेराज एसडीएम ने मिठाई दुकानों की जांच की



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः अरेराज एसडीएम अरुण कुमार द्वारा दो मिष्ठान दुकानों की जांच की गई। ओम स्वीट्स व सोमेश्वर मिष्ठान भंडार में रखे मिठाई और खोवा के छेना की सघन जांच की गई। इसके साथ ही अग्निशामक सिलेंडर, पार्किंग की व्यवस्था, मिष्ठान बनाने वाले भंडार को भी गहनता से देखा गया। जहा अनियमितता पाई गई है। तों वही सोमेश्वर मिष्ठान भंडार में 9 हजार का फाइन भी काटा गया है। साथ ही दुकानदारों को सभी कागजातों के साथ कार्यालय बुलाया गया है। सभी मिष्ठानों का सैंपल सिल कर जांच में भेजा जाएगा। इस जांच के दौरान सीओ, ईओ, फूड इंस्पेक्टर शामिल थे।

### बांसी चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान, नियम तोड़ने वालों से वसूले गए 1.01 लाख रुपये

मधुबनी सूरज यादव

धनहा थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार भारती के नेतृत्व में पुलिस ने यूपी–बिहार सीमा पर स्थित बांसी चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस ने आने–जाने वाले सभी वाहनों की गहनता से तलाशी ली और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान हेलमेट पहनने, ड्राइविंग लाइसेंस रखने, और वाहनों के अन्य आवश्यक कागजात की मौजूदगी को अनिवार्य रूप से जांचा गया।जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज अधूरे पाए गए या जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें मौके पर ही फाइन किया गया। पुलिस ने कुल 1,01,000 रुपये का जुर्माना वसूला। जो कि एक रिकॉर्ड बना है साथ ही जो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए सख्त चेतावनी है। थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि इस तरह के सघन जांच अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और यातायात नियमों का सख्ती से पालन हो।

### पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशियों कि सरगर्मी बढ़ी 11 पैक्सो मे एक दिसम्बर को होगा पैक्स चुनाव




गौनाहा / प्रखंड के 11पैक्सो मे होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। पैक्स चुनाव को लेकर पैक्स मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि गौनाहा प्रखंड के 18 पंचायतों मे 11 पैक्सो का चुनाव चौथे चरण अर्थात एक दिसम्बर को होना तय है। उन्होंने बताया कि पैक्स अध्यक्ष व सदस्यों का नामांकन 17, 18 व 19 नवम्बर को होगा। जबकि समीक्षा 19 व 20 नवम्बर को तय है। उमीदवारो द्वारा नाम वापसी 23 नवम्बर को होगी। जबकि मतदान एक दिसम्बर को होगा। मतो कि गिनती एक व दो दिसम्बर को होगी। प्रखंड के 11 पैक्सो मे होने वाले पैक्स चुनाव के लिए 23 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे। बीसीओ अजय कुमार ने बताया कि मटियरिया पैक्स मे 587, सिठी मे 1153, रुपवलिया मे 1764, दोमाठ मे 968, धमौरा मे 1019, धनौजी मे 1824, जमुनिया मे 1193, बेलसंडी मे 1161, गौनाहा मे 2017, मेहंनौल मे 785 तथा बाजड़ा मे 1161 पैक्स मतदाता है।

# 65 वाहिनीं स.सी.बल बगहा द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बगहा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज


**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**



29.10.2024 को 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया द्वारा श्री कोजा राम लामरोड़, द्वितीय कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विशेष अवसर पर 10+2 सहकारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बगहा–2 में निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया क सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया द्वारा 10+2 सहकारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बगहा–2 में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर निबंध लेखन एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाईविषय र पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए अपने विचारों और कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त किया क इस अवसर पर दोनों ही प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य नागेन्द्र प्रसाद एवं 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया के उप निरीक्षक– अलोकवी ए. लोहे के कर कमलों द्वारा 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया क इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, आयुर्वेद एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई के प्रति जागरूक किया गया तथा छात्राओं को केन्द्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती हेतु भी प्रोत्साहित किया गया क इस कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक– अलोकवी ए. लोहे, नागेन्द्र प्रसाद प्रधानाचार्य, प्रवीण कुमार मिश्र, हिमांशु मालवीय अन्य शिक्षकगण, छात्राएं एवं 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मी उपस्थित थे

## समय से पेराई शुरू होना किसानों के लिए लाभकारी, सुरेन्द्र कुशवाहा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** समय से चीनी मिल चलाने को लेकर कांग्रेस नेता सह वाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने बगहा तिरुपति चीनी मिल के एमडी दीपक यादव को धन्यवाद दिया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि किसानों के हितों का ख्याल करते हुए दीपक यादव ने पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष पहले चीनी मिल में पेराई सत्र शुरू कराई, जो किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। इस समय चीनी मिल चल जाने से गन्ना पेराई होने पर किसानों को अगली खेती के लिए खेत भी खाली होगा और भुगतान मिलने से खेती के लिए रुपये की कमी नहीं होगी। दीपावली और छठ महापर्व जैसे पर्व में किसानों को काफी आर्थिक राहत मिलेगी। समय से खेत खाली हो जाने से किसान उस खेत में रबी फसल की बुआई भी समय से कर लेंगे।

## मोतिहारीः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम मोतिहारी के साथ मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बड़े छठ घाटों का भ्रमण कर वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया।इस क्रम में डायट छठ घाट , मनरेगा छठ घाट एवं अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया गया।यहां पर जिलाधिकारी के द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई शीघ्र करा देने, घाटों का रंग रोगन कराने, वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने तथा पानी की गहराई को देखते हुए वहां पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करा देने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को छठ के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू कायम रहे एवं विधि व्यवस्था नियंत्रित रहे, इसको लेकर जरूरी तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया।

## मोतिहारी में 114 लोगों को मिला खोया मोबाइलः धनतेरस पर उसके वास्तविक मालिक को मिला गिफ्ट, सभी ने कहा धन्यवाद एसपी साहब

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**



**मोतिहारी** दीपावली और धनतेरस को ध्यान में रखते हुए मोतिहारी की पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 114 लोगों का खोए हुए मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक मालिक को दिया गया। धनतेरस के दिन अपने खोए सामान बरामद होने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। वहीं, सभी एक स्वर में पुलिस के बेहतर कार्य को लेकर उन्हें बधाई देते नजर आए।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि आज धनतेरस का दिन है, बहुत सारे लोग दुकानों में जाकर सामान की खरीदारी करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत 114 लोगों के खोए हुए मोबाइल को बरामद कर उनके सही मालिक को दिया गया है। साथ ही अब तक पुलिस ने लगभग 1100 से अधिक मोबाइल बरामद कर लिया है, जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपए से अधिक का मोबाइल बरामद हो चुका है। 10 से अधिक मोबाइल खोजने वालों को मिला पुरस्कारएसपी ने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी ऑपरेशन मुस्कान के तहत 10 से अधिक मोबाइल ढूंढकर मालिक को देंगे, उन्हें मुख्यालय बुलाकर पुरस्कृत किया जाएगा। अपने खोए हुए मोबाइल लेने आए अमरेंद्र कुमार, बी एन वर्मा, सुधाकर पांडे ने बताया कि हम लोगों का मोबाइल खो गया, जिसके बाद इसकी सूचना हमने पुलिस को दी। ऑपरेशन मुस्कान के तहत फॉर्म भरकर जमा किया, जिसके बाद मेरे पास सात माह बाद थाना से फ़ोन आया कि आपका फ़ोन मिल गया है।मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, पहले तो हमें विश्वास नहीं हुआ फिर थाने पर जाकर अपने फ़ोन का सत्यापन किया। आज एसपी सर के हाथों खोया हुआ मोबाइल मुझे मिला है। धनतेरस के दिन पुलिस की तरफ़ से यह बहुत अच्छा गिफ्ट है। इसके लिए मोतिहारी का बहुत बहुत धन्यवाद।

# बगहा:पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए जागरूक कर रहे शिक्षक सौरभ के. स्वतंत्र

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए व्यवहार में अनुकूल परिवर्तन लाएं। भविष्य के लिए इको फ्रेंडली होना आवश्यक। बढ़ते प्रदूषण तथा प्रदूषणजनित समस्याओं का जीवन, वातावरण पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए आवश्यक है कि पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास किए जाएं। स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण आवश्यक है और इसके लिए लोगों को अपने व्यवहार में अनुकूल परिवर्तन कर भविष्य के लिए इको फ्रेंडली होना होगा। उक्त बातें स्थानीय सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल के चेयमैन सह शिक्षक सौरभ के. स्वतंत्र ने विद्यार्थियों एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कहा। शिक्षक ने कहा कि हम सभी अपने रोजमर्रा की जिंदगी में विभिन्न माध्यमों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हैं। यदि यहीं स्थिति रही तो हमारी आने वाली पीढ़ी को विभिन्न प्रकार के प्रदूषण आदि की समस्याएं विरासत में मिलेंगी। इसलिए उनके सुनहरे भविष्य के लिए हमें हीं अभी से सकारात्मक प्रयास व पहल करने होंगे। इसके लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करना, अधिकाधिक वृक्षारोपण करना, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि के उपयोग से बचना आदि उपाय को प्रभावी बनाने एवं दैनिक जीवन में भी स्वीकार करने की आवश्यकता है। सुरक्षित ढंग से मनाएँ इको फ्रेंडली दीपावली शिक्षक ने बच्चों को बताते हुए कहा कि दीपावली में अत्यधिक धुआँ निकलने वाले एवं कर्कश आवाज वाले पटाखे बच्चों, वृद्ध, बीमार आदि लोगों के लिए नुकसानदायक होते हैं तथा ये विभिन्न प्रकार का प्रदूषण भी फैलाते हैं जिससे वातावरण प्रभावित होता है। पटाखों के आग, उनसे निकलने वाले मसाले से शरीर के जलने, आंख एवं त्वचा आदि के प्रभावित होने की संभावना रहती है इसलिए सुरक्षा दृष्टिकोण से इससे परहेज करना या सावधानीपूर्वक उपयोग कर त्यौहार मनाना चाहिए। सभी बच्चों ने सामूहिक रुप से कहा कि हम लोग इको फ्रेंडली दीपावली मनाएँगे तथा अपने आसपास के अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे।

## स्मार्ट मीटर हर तरह से है स्मार्ट, भ्रांतियां फैलाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : जेई

लोकतंत्र की आवाज






**गौनाहा** / प्रखंड के कनीय विधुत अभियंता प्रमोद कुमार पासवान ने आम लोगों की भ्रांतियां को किया दूर। प्रखण्ड क्षेत्र में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। लेकिन कई जगह मीटर लगाने जा रहे कर्मचारियों का ग्रामीणों के स्तर पर विरोध भी किया जा रहा है। इसके पीछे असामाजिक तत्वों के द्वारा विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। इनके खिलाफ कारवाई शुरू हो गई है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह बातें मंगलवार को बिजली ऑफिस में कनीय विद्युत अभियंता प्रमोद कुमार पासवान ने कही। आगे उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी को भी बाधा पहुंचाने का अधिकार नहीं है। अगर कोई भाषा पहुंचाता है तो उस पर कार्रवाई किया जाएगा। आगे उन्होंने स्मार्ट मीटर के फायदे पर चर्चा करते हुए कहा कि बैलेंस नेगेटिव होने व रिचार्ज नहीं कराने के स्थिति में भी तीसरे दिन सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक ही बिजली काटने का प्रावधान है।पुराने पोस्ट पेड मीटर के समतुल्य ही बिजली खपत दर्ज होती है। इसके लिये स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ साथ पुराने मीटर को टेस्ट मीटर के रूप में लगाकर इसका सत्यापन किया जा चुका है। दैनिक ऊर्जा खपत या रिचार्ज बैलेंस की जानकारी कभी भी व कहीं से भी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। बकाया राशि को आसान किश्तों में भुगतान की सुविधा है। 2000 रुपये से अधिक के अग्रिम जमा राशि पर ब्याज मिलने की सुविधा है। स्वीकृत भार( लोड ) से अधिक भार के उपयोग पर छह महीने तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। कनीय विधुत अभियंता ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित उपभोक्ताओं को होने वाली कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिये भी कंपनी द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।जब रिचार्ज बैलेंस समाप्त होने वाला रहता है तो इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को मोबाइल पर लगातार दी जाती है। बेहतर आपूर्ति के लिए बिजली कंपनी के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के पीछे कई कारण हैं। बिजली अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली कंपनियों व उपभोक्ताओं दोनों को फायदा होगा। वहीं स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत पर वास्तविक समय में नजर रखी जा सकेगी, जिससे बिजली चोरी रोकने में मदद मिलेगी। उपभोक्ताओं को भी बिल भुगतान में आसानी होगी और उन्हें बिजली उपयोग का पूरा ब्यौरा भी मोबाइल पर देखने को मिल सकेगा।

## शहर में हर्ष हेल्थ क्लिनिक का हुआ शुभारम्भ ––समाजसेवी ने फीता काट किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



प्रसव पीड़ित मरीजों की नॉर्मल व सिजेरियन ऑपरेशन की 24 घंटा सुविधा उपलब्ध बगहा शहर के बगहा बाजार एन एच मुख्य सड़क जामे अनबार मस्जिद के समीप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हर्ष हेल्थ क्लिनिक का समाज सेवी डॉ मदन प्रसाद, डा.नन्दलाल प्रसाद व उषा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया .इस दौरान कार्यरत स्त्री प्रसूति एवं महिला बांझपन रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डा.सिंपी शिल्पा ने बताया कि अस्पताल सातों दिन 24 घन्टे खुला रहेगा . यहां नॉर्मल एवं सिजिरियन डिलेवरी, हाई रिस्क प्रेगनेन्सी एवं इक्टोपिक प्रेगानेन्सी, सिटीजी,एन्सटी,टीवीएस, ल्यूकोरिया, माहवारी की गड़बड़ी, बच्चादानी में गांठ, अण्डादानी मेंपीसीओडी गाठ इत्यादि सभी बिमारियोंका ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है . इसके अलावे बच्चा रोकथाम का उपाय एवं नसबन्दी, पेशाब लीक होना एवं बदबू आना, जलन होना तथा पेशाब सम्बंधी समस्या का इलाज बहुत ही सस्ते में उपलब्ध होगा .उन्होंने बताया कि क्लिनिक में उनके अलावे डा.विशाल कमल एम बी बी एस ,एम डी एवं डा.मनीष कमल बी ए एम एस भी पदस्थापित हैं जिनके द्वारा अन्य बीमारियों का भी इलाज किया जाएगा . मौके पर मो नुरैन, दिनेश कुमार गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, मो कासिम, मो मुस्तफा आदि उपस्थित रहे

## अयोध्या में भगवान राम लल्ला के विराजमान होने पर कालीघाट नारायणी नदी के तट पर 5000 दीपों से सजाया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने लोक कल्याणार्थ पीछले 10 वर्षों से धनवंतरी प्राकट्य दिवस( धनतेरस )के अवसर पर दीपदान कार्यक्रम का जो सिलसिला लिए शुरू किया गया। बतौर इस साल भी एक अनोखे अंदाज दीपदान कार्यक्रम आयोजन किया गया। नदी घाटों को दीपों अबीर गुलाल आदि के सहायता से स्वास्तिक चिन्ह, स्वागत शब्द आदि लिखकर सजाया गया। ज्ञात हो कि धनतेरस के अवसर जहां लोग लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बर्तन सोना चांदी वगैरा खरीदते हैं। वहीं नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट, लोगों के सुख समृद्धि आरोग्यता आदि की प्राप्ति के लिए भगवान धनवंतरी और मात लक्ष्मी की आराधना करवाता है।जहां हजारों लोग नारायणी नदी में दीपदान करते हैं। लोगों मंत्रोच्चार के साथ आरती कर मां नारायणी व मंदिर में विराज देवी– देवताओं का आशीर्वाद लेते हैं।ट्रस्ट की सचिव निप्पू कुमार पाठक बताते हैं कि कार्तिक मास अत्यंत पावन पवित्र मास है। इस महीने में भगवान लक्ष्मी नारायण की भक्ति ,उनके नाम का संकीर्तन पवित्र पेड़ों के नीचे और पवित्र नदियों के तट पर दीपदान करने से महान शुभ फल की प्राप्ति होती है ।पाप नष्ट हो जाते हैं ।अब यश, सुख शांति के आलावा अक्षय लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसीलिए जनमानस के कल्याण के लिए नैतिक जागरण मंच लगातार 10 वर्षों से दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रखंड विकास पदाधिकारी विड्डू कुमार राम वार्ड संख्या –2 के वार्ड आयुक्त श्रीमती सुभाषिनी देवी और वार्ड संख्या एक के मोहम्मद लैस को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।तत्पश्चात रंगोली बनाकर घाटों को सजाने वाली विद्यालयों की छात्राओं को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। आरएसएस के मौजूद लोगों में निशांत कुमार गुप्ता ,सुरेंद्र शाही ,हिमांशु कुमार विनय कुमार जायसवाल, मिश्र मणि भूषण तिवारी अमित मिश्र आदि को हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर मीडिया के उपस्थित बन्धुओं भी मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इस कार्य में नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, समन्वयक माधवेंद्र पांडेय जयप्रकाश वर्मा ,संयोजक हरेन्द्र कुमार प्रसाद , मार्कंडेय मिश्र अवधेश प्रसाद जायसवाल, टुनटुन गुप्ता ,रघुवंश मणि पाठक मनोज ठाकुर ,मणि भूषण तिवारी ,विनय कुमार के अलावा छात्र–छात्राएं तथा शिक्षक मौजूद रहे ।लगभग हजारों की भीड़ में दीपदान किया ।पूरी नदी दीपों की लव से दीपोत्सव की खुशी में नहाती हुई नजर आई ।घाट दीपक की रोशनी में नहाते हुए प्रतीत हो रहे थे।अंत में प्रसाद वितरण हुआ ।सभी लोग माता काली के साथ–साथ मंदिर में उपस्थित सभी देवी देवताओं का माता टेकर आशीर्वाद लिये तत्पश्चात सभी लोग घर लौट आए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### खिरनी घाट स्थित डायट भागलपुर में दीपों का त्योहार दीपोत्सव मनाया गया।



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर,,,,,मंगलवार को खिरनी घाटस्थित डायट भागलपुर के प्रांगण में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार के गरिमामय उपस्थिति में डाइट के व्याख्याता डॉ.हेमलता कुमारी के नेतृत्व में दीपावली के अवसर पर प्रथम एवम् द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु के बीच रंगोली प्रतियोगिता और साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु और साज सज्जा प्रतियोगिता मैं प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु ने प्राप्त किया। डायट भागलपुर के व्याख्याता ने संबोधित भाषण के माध्यम से दीपोत्सव कार्यक्रम में पूरे भागलपुर को यह संदेश दिया कि जिस तरह एक दीपक अंधकार को अपने ज्योति से जिस तरह प्रकाश करता है उसी तरह हम सभी एक दीपक की तरह समाज में रहे और औरों को प्रकाशित करें। मौके पर डायट भागलपुर की व्याख्याता संजय वर्मा, डॉ. शीतांशु शेखर, संतोष कुमार रश्मि कुमारी डॉ रूचि रानी ताज शमीमा सुलेमान, डॉ.कुमारी विभा, डॉ. विनीता कुमारी, पूजा कृष्ण मोहन शर्मा उपस्थित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओ ने अहम भूमिका निभाया।

### धनतेरस पर खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर,,,,,, मंगलवार को , भागलपुर जिले बिहपुर झंडापुर, बभनगामा आदि के बाजारों में दुकानदार को अब ग्राहकों का इंतजार है।पंडितों के अनुसार धनतेरस पर खरीददारी को शुभ माना गया है।बिहपुर में मारिया एंटरप्राइजेज के संस्थापक मोहम्मद शाहबाज व इलेक्ट्रॉनिक सामानों के विक्रेता अल्ताफ रजा ने बताया कि एलजी, सैमसंग, सोनी, एमआई के स्मार्ट एलईडी टीवी, बूफर, वाशिंग मशीन, फ्रिज के रेंज मौजूद हैं।लोग काली पूजा एवं दीपावली को लेकर दीप, सनाठी, कागज, दीया, मोमबत्ती आदि खरीद रहे हैं।देर रात तक खरीदारी बिहपुर बाजार में जारी था।

### शुभ वास्ते धनतेरस में खरीदारी दुकानों पर उमरी भीड़

दिलीपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। प्रखण्ड में सेदुखा मननपुर बाघोपुर गाहर रेबडा चकवाखर डेकारी त्रिमुहानी आदि बाजार चौक पर सजी दुकानों में धनतेरस के अवसर पर खरीदारी शुभ वास्ते लोगों की भीड़ उमर पड़ी। ज्वेलरी दुकान वर्तन दुकान और अन्य प्रकार के दुकानों पर पूरे परिवार के साथ खासकर महिलाओं द्वारा खरीदारी के लिए ज्यादा भीड़ देखी गई। खानपुर थाना पुलिस के 112 डायल के अलावा कई और टीम द्वारा सभी चौक बाजारों में पूरी मुस्तैदी से गस्ति करती दिखी। इस संदर्भ में प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताए कि पूरे थानाक्षेत्र में आठ स्थानों पर काली मेला आयोजित होती है जिसमें दो स्थानों भोला चौक और सलेमपट्टी में काली पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें हमारी पुलिस टीम पूर्ण रूप से सक्रिय है। बदमाशी करने बालों को हर हाल में वक्सा नहीं जाएगा। धनतेरस छोटी दिवाली काली पूजा एवं दिवाली सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाए। प्रकाश पर्व दिवाली पर अपने ज्ञान ज्योति जलाए। बुराई से परहेज करते हुए मां लक्ष्मी पूजन दिवाली उत्सव मनाए।

# श्रीराम के अयोध्या आगमन और छठ पूजा की झांकी और गीत से गूंजायमान हुआ मॉडर्न परिसर

लोकतंत्र की आवाज़

**दीपावली एव छठ के शुभ अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग झांकी की प्रस्तुति की गई**





**सुनील कुमार**

**नवादा ।** मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया नवादा, न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल नवादा, मॉडर्न पब्लिक स्कूल नवादा ,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ तथा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में प्रकाश का त्योहार दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ के शुभ अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग झांकी की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह, प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य सुजय कुमार, उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, उपप्राचार्य मिखाइल चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा राम के अयोध्या वापस लौटने से लेकर छठ महापर्व के तमाम पहलुओं को झांकी के द्वारा दिखाया गया। सर्वप्रथम न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया के बच्चों के द्वारा चौदह वर्ष वनवास बीतने के बाद राम ,लक्ष्मण, सीता ,हनुमान के साथ जिस प्रकार अयोध्या लौटे थे,ठीक उसी प्रकार बच्चों के द्वारा झांकी की प्रस्तुति की गई। उसके बाद अनुराधा, राधा ,सव्या समूह ने छठ महापर्व से जुड़े हुए कांच ही बांस के बहंगिया गीत की प्रस्तुति देकर छठ से जुड़ी हुई यादों को ताजा कर दिया। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर के बच्चों के द्वारा छठ घाट की आकर्षक प्रस्तुति गीत एवं संगीत के साथ दी गई। नहाय– खाय से लेकर पारण तक चलने वाले चार दिवसीय महापर्व के के होने वाले तमाम नियमों विधि– विधानों को अपनी प्रस्तुति के द्वारा बच्चों ने दिखाया। सबसे पहले विद्यालय के प्रांगण से माथे पर डलिया लिए हुए सैकड़ो बच्चे उसके पीछे छठ घाट पर साथ–साथ छठव्रती के रूप में विद्यालय की छात्राओं द्वारा छठ के मधुर गीतों से गूंजा मां झांकी की प्रस्तुति दी गई, पुनः केले के खंभों से बने हुए सजावट के साथ छठ घाट पर सभी पहुंचे वहां घुटने भर पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर मॉडर्न समूह के निदेशक ने कहा कि छठ महापर्व भारत के सभी त्योहारों में से बढ़कर है ।यह त्योहार विशेष कर उत्तर भारत में भी बिहार एवं झारखंड के लोकप्रिय पर्वों में से एक है।यह पर्व हमें अपनी माटी से ,अपनी मां से जुड़ने की सीख देता है ।हम सालों पर कहीं भी बाहर रहकर काम करते हैं पर इस पवित्र त्यौहार पर अनायास ही हम अपने सभी काम धंधे को छोड़कर अपने घर की ओर वापस चले आते हैं। जब कमर भर पानी में हजारों महिलाएं एक साथ खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देती है तो उस छठ घाट में उंच –नीच ,अमीर– गरीब का भेदभाव समाप्त हो जाता है। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की आज इन बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति देकर बचपन की यादों को ताजा कर दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में दिशिता, काव्या, राजनंदनी, मिस्टी, माइरा, दिव्यांशी, साक्षी,अंशिका गोस्वामी, दीप्ति रंजन, हिमांशु कुमार, अनुराधा, गरिमा, राधा, परी आदि बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहें यही हमारी छठ माई से प्रार्थना रहेगी। लगभग 2 घंटे तक दीपावली एवं छठ से जुड़े हुए कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वीटी कुमारी,कुमारी स्वीटी, सुशील कुमार ,आशीष कुमार, हनी, विस्मित आदि शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

### गया हवाई अड्?डे पर कार्मिको, हितधारकों व बच्चों के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



लोकतंत्र की आवाज़

**गया** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, आरतीय विमानपत्तन प्राधिकरण दिनांक 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2024 तक देश के सभी हवाई अड्डों व अन्य कार्यालयों में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन कर रहा है। इस के क्रम में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के गया हवाई अड्?डे पर कार्मिको, हितधारकों व बच्चों के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन, 29 अक्टूबर को गया हवाई अड्?डे पर भा वि प्रा कार्मिकों व केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों के लिये सतर्कता विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान बिपार्ड गया के सौजन्य से विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।इस कार्यशाला में विमानपत्तन निदेशक बगंजीत साहा, मुख्य विमानपत्तन सुरक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के नोडल अधिकारी अमित पांडेय, बिपार्ड गया के वरीय सहायक निदेशक आर्य गौतम, बिपार्ड गया के सहायक निदेशक अजय कुमार सिंह व विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर श्री कृष्ण मुरारी यादव जी उपस्थित रहे हैं।इस कार्यशाला में शामिल कार्मिकों के बीच सतर्कता विषयक नियमों, अधिनियमों व उदाहरणों के साथ, जागरूकता का संदेश दिया गया।

## टोटो पलटने से आधा दर्जन सवारी घायल



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के हांसा बाहेरा चौक के निकट खड़ी बस में पीछे से सवारी गाड़ी टोटो ने जबरदस्त ठोकर मार दी और बीच सड़क पर पलट गया। इस घटना में आधा दर्जन सवारी घायल हो गया। सभी घायलों का उपचार स्थानीय डॉक्टर द्वारा किया गया। उपचार के पश्चात सभी घायल अपने अपने घर चले गये। बताया जाता कि खानपुर के ओर से मथुरापुर घाट जा रही टोटो ने बहेरा चौक के पास खड़ी एक बस में ठोकर मार दिया। ठोकर इतना जबरदस्त लगा कि टोटो बीच सड़क पर पलट गया, इस घटना में आधा दर्जन से अधिक सवारी घायल हो गये।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भीड़ से ट्रैफिक पुलिस की सहायता हेतु प्रारंभ किया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।**भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना के बैनर तले ₹दीवाली विद माय भारत₹ कार्यक्रम के तहत गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉसतीश सिंह चंद्र के निर्देश पर प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम दीपावली पर्व के अवसर पर लगने वाली भारी भीड़ से यातायात के संचालक को सुलभ बनाने के लिए चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की सहायता हेतु प्रारंभ किया गया है। गया कॉलेज के वॉलिंटियर्स ने शहर के कई चौराहों पर उपस्थित होकर ट्रैफिक पुलिस को सहायता प्रदान की है। इस कार्यक्रम में मौके पर यातायात पुलिस ,एस एच ओ मनोज कुमार उपस्थित थे उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और गया कॉलेज के स्वयंसेवकों का आभार भी व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत के 1 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे होने पर स्वच्छता, सुख शांति और सहयोग के रूप में मनाया जाना है ।इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम पिछले दो दिनों से लगातार चलाया जा रहा है स्वयंसेवक इस कार्यक्रम के साथ में ही स्वच्छता अभियान और अस्पतालों में सेवा का कार्यक्रम भी चला रहे है। ट्रैफिक सहायता वाले ग्रुप का नेतृत्व मोहम्मद इश्तियाक आलम कर रहे हैं उनके साथ सहयोगियों में सौरव कुमार ,आर्यन कुमार, प्रवीण कुमार, शुभम कुमार, नंदनी कुमारी, प्रतिभा पांडे, विनायक कुमार ,राहुल कुमार, राहुल राज, उरूज़ तौकीर, अमित कुमार, विपिन कुमार ,धीरज कुमार, सत्यम भोला ,नीरज कुमार, पंकज कुमार आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। यह अभियान काशीनाथ मोड, कचहरी चौराहा, और स्टेशन के पास स्थित बाटा चौराहे पर चलाया गया है।तीनों समूहों में 15–15 वॉलिंटियर्स को तैनात किया गया है जो रोजाना कार्यक्रम की रिपोर्ट कार्यक्रम पदाधिकारी को सौंपेंगे जिसे क्षेत्रीय निदेशालय ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,पटना को भेजा जाना है। प्रधानाचार्य ने पूरे गया शहर में गया कॉलेज को इस कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर खुशी जाहिर की और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी है।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली छात्र–छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली की प्रस्तुत

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के उपरटंडा स्थित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के संचालक प्रदीप कुमार एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार के द्वारा किया गया। दीपावली के अवसर पर स्कूल में दर्जनों छात्र–छात्राओं के द्वारा रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन स्नेहलता एवं समीर सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें प्रतियोगिता के दौरान समस्त प्रतिभागी जिसमे वर्ग ५ से लेकर वर्ग ७ तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और मनमोहक एवं सुंदर रंगोली बनाकर अपनी–अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में स्कूल के संचालक एवं प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए समस्त छात्र–छात्राओं एवं सहयोगी अध्यापकों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि स्कूल के द्वारा समय–समय पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत दीपावली के अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे स्कूली छात्र–छात्राओं में रंगोली बनाने के प्रति जिज्ञासा जगे एवं ड्राइंग के क्षेत्र में छात्र–छात्राएं आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बाजारों से लोग तरह–तरह के रंगोली खरीद कर अपने–अपने घरों में लगाते हैं। इसलिए स्कूली बच्चों को संदेश देना चाहते हैं कि बाजारों से रंगोली नहीं खरीदे एवं अपने–अपने हाथों से चावल–आटे आदि कई सामानों से घर में ही अच्छे–अच्छे डिजाइन के रंगोली बनाएं। इससे छात्र–छात्राओं में रंगोली बनाने के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी और बच्चे भविष्य में रंगोली बनाने के प्रति अग्रसर होंगे।मौके पर शिक्षक विपिन कुमार नितीश कुमार अरविंद कुमार सदानंद प्रसाद महेश प्रसाद राजेश कुमार आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## भारत की बहुलतावादी ज्ञान परंपराएं व संस्कृतियां अद्भुत और विलक्षण है

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के इतिहास विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी.के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परम्परा का बौद्धिक परिप्रेक्ष्य एवं संदर्भ एक ऐतिहासिक दृष्टि विषय पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया है। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ संजय कुमार, प्राचार्य गर्वनमेंट डिग्री कॉलेज, सतपुली, पौड़ी, गढ़वाल, उत्तराखंड को तुलसी का पौधा, स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिंह एवं डॉ अनंत कुमार सिन्हा को भी तुलसी का पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ पार्थ सारथी सह प्राध्यापक सह आयोजन सचिव ने विषय परिचय एवं मुख्य अतिथि का परिचय कराया है। प्रभारी प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रही है हालांकि यह पाश्चात्य को भी अंगीकार किया है जैसे कि भारतीय संविधान है। मुख्य अतिथि सह वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की बहुलतावादी ज्ञान परंपराएं और संस्कृतियां अद्भुत एवं विलक्षण है। इसकी निर्मित में लोक और शास्त्र, लिखित और वाचिक तथा श्रुति और स्मृति सभी परंपराओं का महत्वपूर्ण अवदान है। डॉ श्वेता सिंह सहायक प्राध्यापिका ने धन्यवाद ज्ञापन किया है। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापिका ने मंच संचालन किया है।इस अवसर पर डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ नीरज कुमार कमल, भौतिकी विभाग, डॉ अमृतेन्दु घोषाल, अंग्रेजी विभाग, डॉ धनेश्वर राम, डॉ मोहन सिंह, मनोविज्ञान विभाग, डॉ किशोर कुमार पासवान, राजनीति विभाग, डॉ उमाशंकर सिंह, हिंदी विभाग, डॉ राकेश राय, समाजशास्त्र, डॉ श्याम शरण गुप्त, डॉ विनोद कुमार सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ प्रवीण कुमार सिंह, जंतु विभाग, नागेंद्र प्रताप सिंह, लाइब्रेरियन, अनिल कुमार सिंह, सोनाली, साईबा, रीमा, प्रिया, शीतल, प्रीतम, इत्यादि उपस्थित रहे हैं ।

## ई–रिक्शा बिक्री केंद्र के उद्घाटन समारोह में पूसा प्रखंड विकास पदाधिकारी रवीश कुमार रवि ने किया शिरकत

लोकतंत्र की आबाज



**रामजी कुमार**

**पूसा/समस्तीपुर।** पूसा प्रखंड के दक्षिणी हरपुर पंचायत भुस्कौल चौक के समीप वर्षा इंटरप्राइजेज ई–रिक्शा बिक्री केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।उद्घाटन समारोह में पूसा प्रखंड विकास पदाधिकारी रवीश कुमार रवि, खानपुर प्रखंड प्रमुख सह समस्तीपुर लोकसभा महागठबंधन पूर्व प्रत्याशी सन्नी हजारी, दक्षिणी हरपुर पंचायत सरपंच संजय शाह, धोवगामा पंचायत मुखिया राजीव कुमार, दक्षिणी हरपुर पंचायत समिति सदस्य ताराचंद मेहता, जिला परिषद पूर्व प्रत्याशी, पंचायत समिति प्रतिनिधि गणेश शंकर राय, सीएसपी संचालक नीरज कुमार, शिक्षक अजयकांत कुमार व अर्जुन कुमार उपस्थित थे। सभी उपस्थित अतिथियों ने नई शुभारंभ के लिए चंदन कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं निरंतर सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।

## एक दिया शहीदों का नाम कायक्रम का हुआ आयोज, इस तरह की आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति एवं हमारे वीर जवानों के प्रति श्रद्धा की भावना आती है : गौरव सिन्हा

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** शहर के नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में दीपोत्सव मनाया गया है। विद्यालय में दीपोत्सव के साथ 'एक दिया शहीदों का नाम' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल जिला अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के साथ प्राचार्य पूनम सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत आगत अतिथियों ने हमारे वीर शहीदों के नाम पर एक–एक दिया जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले आगत अतिथियों को विद्यालय के बच्चों ने तिलक लगाकर एवं आरती कर का स्वागत किया तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए बुके एवं दीए देकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर युवा जदयू के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव गौरव सिन्हा ने बच्चों को अपनी आशीर्वचन देते हुए कहा कि हर जाति धर्म से उठकर सबसे पहले हमारा देश है और देश की रक्षा करने वाले उन वीर शहिदों की याद में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन में होना चाहिए। इस तरह की आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति एवं हमारे वीर जवानों के प्रति श्रद्धा की भावना आती है दीपावली पर नसीहत देते हुए कहा कि हमें प्रदूषण मुक्त वातावरण में दीपावली मनाना चाहिए एवं अपने अभिभावकों को साथ ही दीपावली मनाएं इसके साथ सभी जिले एवं देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वही मौके पर युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने कहा कि हमारे देश की धरोहर जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस देश को आगे बढ़ा रहे हैं उनकी याद में एक दिया जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया है। उन्होंने आगे कहा कि मां बाप अपने बच्चों को अपने घर से विद्यालय में दूसरे गार्जियन के हाथों में सौंपते हैं ताकि उनका भविष्य बन सके। दीपावली पर बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि ज्यादा तेज आवाज वाले आतिशबाजियों से बचें। खुशनुमा एवं प्रफुल्लित आंनदायक माहौल में दीपावली मनाएं पटाखे जब भी जलाएं तो अपने अभिभावक क्देख रेख जलाएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर पहुंचे सभी अतिथियों ने ने बच्चों के बीच ट्रॉफी वितरण कर सभी मुंह मीठा कराया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। कोई मौके पर प्राचार्या पूनम सिन्हा ने सभी आदत अतिथियों को धन्यवाद देते हुये कहा दिवाली एक महान त्यौहार है और हमें इसका आनंद लेना चाहिए। निश्चित रूप से एक ऐसा अवसर है जब लोग विवादों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। इसलिए दिवाली के दौरान दोस्ती और रिश्ते मज़बूत होते हैं। लोग अपने दिलों से नफरत की सारी भावनाएँ निकाल देते हैं। याद रखें, शोर मचाने वाले और प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से दूर रहें। सुरक्षित रहें और सुरक्षित खेलें! आप सभी को दिवाली अनंत शुभकामनाएँ दी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पतरघटः छठ घाटों पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से बेरिकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी



लोकतंत्र की आवाज
पतरघट सहरसा संवाददाता। लोक आस्था छठ पर्व को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने सोमवार को कई छठ घाटों का निरीक्षण घाट पर साफ सफाई के मद्देनजर अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने कपसिया शीतलपटी नदी स्थित लोहे की पूल में फंसे जलकुंभी एवं मृत पशुओं का अवशेष हटाने का संबंधित राज्स्व कर्मचारी को आवश्यक निर्देश दिया है। अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने कपसिया शीतलपटी नदी घाट, विशनपुर नदी घाट एवं पीपरा, गोलमा नदी घाट का जायजा लेते कहा जिस छठ घाट पर अधिक पानी रहने से छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के लिए सुरक्षा की दृष्टिकोण से बेरिकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं कपसिया शीतलपटी नदी घाट स्थित पूल में फंसे जलकुंभी एवं मृत पशुओं का अवशेष हटवाने के लिए संबंधित राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार को निर्देश दिये जाने की बात कही है।

### पतरघट थाना परिसर में दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर शांति समिती की बैठक आयोजित की गई





लोकतंत्र की आवाज
पतरघट। थाना परिसर में मंगलवार को दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. इस कार्यक्रम के अध्यक्षता थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने की .सीयो राकेश कुमार ने कहा कि दीपावली व आस्था का महापर्व छठ शांति समृद्धि और सदभाव का त्योहार है .उन्होंने जनसहयोग से छठ घाटों की सफाई व बैरिकेटिंग और लाईट की व्यवस्था करने का अनुरोध पुजा समिति एवं जनप्रतिनिधि से किये. इसे सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मनाएं .साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के द्वारा पटाखा छोडते समय अभिभावक को विशेष सावधानि बरतनी चाहिए .वही थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा की पूजा के दौरान असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी. त्योहार के दौरान किसी तरह का अराजकता नहीं हो इसका बिशेष ध्यान रखे तथा किसी प्रकार के अफवाहों को फैलने नहीं दें .किसी भी प्रकार का समस्या उत्पन्न होने पर अविलंब इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दें .इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचयात के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के दर्ज मामले में एक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

लोकतंत्र की आवाज
सौर बाजार सहरसा संवाददाता। जिले के सौर बाजार थाना अध्यक्ष द्वारा सोमवार को की गई कार्रवाई में धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले के एक प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था। सौर बाजार थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के धमसैनी गांव, वार्ड नंबर 16 निवासी सुशील मिस्त्री के पुत्र दशरथ कुमार उर्फ रुदल कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। उनके विरुद्ध सौर बाजार थाना कांड संख्या 185/24 दर्ज थी। जो बीते 28 फरवरी को दर्ज की गई थी। जिनमें उनके ऊपर धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज था। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था।

# सहरसा के क्षेत्रों में दिनदहाड़े हत्याएं लोगों में पनपा प्रशासन के प्रति रोष

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** सिमरी बख्तियारपुर के भौरा गांव के समीप सोमवार की सुबह अधिवक्ता दुलारचंद शर्मा की हत्या के लिए अपराधी गांव से बाइक से उनका पीछा कर रहे थे। अपराधियों को उनका रूटीन मालूम था कि वह सहरसा कोर्ट जाने के लिए बाइक से सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन जाते हैं और वहीं से सहरसा के लिए ट्रेन पकड़ते हैं। हत्या की घटना के पीछे गांव की पुरानी रंजिश मुख्य कारण माना जा रहा है।

मृतक अधिवक्ता का कई लोगों से जमीन संबंधी विवाद चल रहा था। वे कानून के सहारे लड़ाई लड़ रहे थे। उन्हें रास्ते से हटाने के लिए ही गोली मार कर हत्या की गयी अधिवक्ता के पुत्र प्रिंस कुमार ने बताया कि पहले भी गांव के लोगों ने मेरे पिता को केस में फंसाया था। उसमें वे जीत गए थे। फिर करीब 6-7 साल पहले जब घर में दो बहनें ही थीं, उस समय नामजद लोगों ने एक बहन को जिंदा जला दिया था। जमीन का विवाद भी गांव के लोगों से चल रहा रहा है। मेरी 10 धूर जमीन पर जबर्दस्ती कब्जा कर घर बना लिया है। इसका भी केस मेरे पिता ने किया था। मेरे पिता कानून का सहारा लेकर केस लड़ रहे थे। जबकि अवैध कब्जा करने वाला आपराधिक पृष्ठभूमि का रहा है। मेरी बहन के हत्यारे अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। मेरे पिता को रास्ते से हटाने के लिए ही इन लोगों ने हत्या की है।

बताया जा रहा है कि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भौरा-पुरानी बाजार एनएच 107 सड़क मार्ग के पुलिया के समीप सोमवार सुबह अपराधियों ने ओवरटेक वकील को रोका और गोली मार कर हत्या कर दी। अपराधी भी बाइक पर सवार थे। वकील भी बाइक से ही अपने भतीजा के साथ जा रहे थे। भतीजा बाइक चला रहा था। ऐसा माना जा रहा है कि अपराधी घर से ही उनका पीछा करते हुए आया और भौरा पुलिया के समीप सुनसान जगह देख ओवरटेक कर उनकी बाइक रुकवाई और गोली मार दी। बाइक चला रहे रिश्ते के भतीजा को अपराधियों ने कुछ भी नहीं किया। वहां से दूर चले जाने को कहा। घटना के चश्मदीद रिश्ते के भतीजा कविन्द्र कुमार से पुलिस को कई अहम जानकारी मिल सकती है। अधिवक्ता दुलारचंद कविन्द्र के साथ ही बाइक पर सवार होकर सहरसा न्यायालय के लिए सुबह 8 बजे अपने घर सोनपुरा पंचायत के बरियाही गांव से निकले थे। वे अक्सर ट्रेन से ही सहरसा आया जाया करते थे। सिमरी रेलवे स्टेशन जाकर फिर सहरसा जाते थे।एफएसएल की टीम ने साक्ष्य इकट्ठे किये, चल रही जांच अधिवक्ता की पत्नी विनीता देवी के बयान पर गांव के ही सात नामजद और पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दर्ज प्राथमिकी में विनीता देवी ने कहा है कि 28 अक्टूबर की सुबह 8 बजे उसके पति दुलारचंद शर्मा अपने भतीजे कविंद्र कुमार के साथ मोटरसाइकिल से सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। तभी एक साजिश के तहत गांव के ही द्रौपदी देवी, संतोष कुमार, सोनू कुमार, साजन कुमार, दिनेश शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, गुड्डू कुमार अपने अन्य पांच अज्ञात साथियों के साथ मेरे पति का पीछा करते हुए भौरा पुलिया के समीप ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को रोक दी। उसके भतीजा कविंद्र कुमार को हथियार का भय दिखाकर भगा दिया और उसके पति पर सभी मिलकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, दिनदहाड़े अधिवक्ता दुलारचंद्र शर्मा की गोली मारकर हुई हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गांव के लोग कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंची सहरसा से एफएसएल की टीम ने साक्ष्य इकट्ठा कर मामले की जांच पड़ताल की। सहरसा पुलिस अधीक्षक हिमांशु के निर्देश पर एसआईटी टीम गठित कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी गयी है।

### हाई बीपी और डायबिटीज के कारण बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक का खतराः डॉ. प्रेम प्रकाश



लोक तंत्र की आवाज

**कुर्साकांटा ।** लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) और डायबिटीज की समस्या युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक के खतरे को कई गुना बढ़ा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन स्वास्थ्य समस्याओं के चलते नसों में खून का जमाव और ब्लॉकेज हो जाता है, जिससे ब्रेन अटैक का जोखिम बढ़ जाता है।

**महत्वपूर्ण बातें :** बीपी और डायबिटीज पर नियंत्रणः युवाओं को चाहिए कि वे अपने बीपी और डायबिटीज को नियंत्रण में रखें। नसों में खून का जमाव बंद होने से फालिज का अटैक हो सकता है।

**तत्काल इलाज :** अगर ब्रेन स्ट्रोक का हमला होता है, तो मरीज को छह घंटे के भीतर इलाज की आवश्यकता होती है। इस दौरान थ्रम्बोलेटिक एसिड की दवा देने से जान बचाई जा सकती है। लिवर, किडनी, शॉक सिंड्रोम और ब्लीडिंग की समस्याएं भी कार्डियक या ब्रेन अटैक का कारण बन सकती हैं।

**पहचान और प्रतिक्रिया :** हार्ट अटैक के पहले लक्षणों को पहचानकर सावधानी बरतने से 50% जान बचाई जा सकती है। खतरे के लक्षण दिखते ही सीपीआर (कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन) द्वारा खून के संचार और ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाया जा सकता है।

## जगदेव साह अध्यक्ष, उपेंद्र प्रसाद यादव प्रधान सचिव बने



लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल संवाद सूत्र।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री बृजनंदन शर्मा व महासचिव श्री घनश्याम प्रसाद यादव के द्वारा एक तदर्थ समिति का गठन किया गया जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ सुपौल के अध्यक्ष श्री जगदेव साह, प्रधान सचिव श्री उपेंद्र प्रसाद यादव, उप प्रधान सचिव श्री धर्मेन्द्र कुमार, श्री अंजनी कुमार, सचिव श्री दूरबल पासवान, श्री सच्चिदानंद कुमार मंडल, श्री राकेश कुमार चौधरी, कार्यालय सचिव श्री सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष श्रीमति बबीता कुमारी, श्री बजेन्द विमल, श्री कृष्णदेव रजक, अंकेक्षक श्री सुरेंद्र साहु, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता श्री रघुनंदन चौधरी बनाये गए। इस मनोनयन से सुपौल जिले के प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों में खुशी है।

## कोशी क्षेत्र में बेलगाम अपराधी क्षेत्रों में चर्चाएं

लोकतंत्र की आवाज

**छातापुर, सुपौल संवाद सूत्र।** सुपौल जिलान्तर्गत दिनांक-22.10.2024 को समय लगभग 05:40 बजे संध्या में छातापुर थानार्गत ग्राम-चुन्नी नहर रोड पर स्वर्ण व्यवसायी संतोष कुमार पिता-अशोक साह, सा०-जदिया, वार्ड नं0-05, थाना-जदिया, जिला-सुपौल के साथ जेवरात एवं मोबाइल लूट की घटना हुई। इस संबंध में पीड़ति श्री संतोष कुमार के लिखित आवेदन के आधार छातापुर थाना कांड सं0-322/24 दि0-धारा-309 (4)दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरत्ता को देखते हुए विपिन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, त्रिवेणीगंज के नेत्तृत्व में एस०आई०टी० का गठन किया गया। एस०आई०टी० एवं तकनीकी शाखा, सुपौल के द्वारा तकनीकी साक्ष्य को संकलित करते हुए घटना में संलिप्त आपराधकर्मियों की पहचान कर लगातार उनके ठीकानों पर छापामारी की जा रही



थी। इसी क्रम में आज दिनांक-29.10.2024 को समय-03:00 बजे सुबह में इस घटना में शामिल अपराधकर्मी मनीष कुमार उर्फ मनीष पासवान पिता-बालदेव पासवान, सा०-सिमराही (मिरदौल), वार्ड नं0-13, थाना-नरपतगंज, जिला-अररिया को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त मनीष कुमार उर्फ मनीष पासवान के निशानदेही पर उनके घर में रखे गोदरेज से इस कांड में लूटी गयी जेवर को बरामद किया गया। घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की पहचान कर ली गयी तथा उनके गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम बनाकर छापेमारी की जा रही है। इस काण्ड में गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में भेजा जा रहा है।

**बरामद सामान की सूचीः-** नकमुन्नी-03 पीस (सोना जैसा) . नथुनी-02 पीस (सोना जैसा). टॉप-1 पीस (सोना जैसा) 4.बाजबंध-01 पीस (चाँदी जैसा) पायल-3 पीस (चाँदी जैसा) चैन-02 पीस (चाँदी जैसा) राखी-01 पीस (चाँदी जैसा) अँगूठी-03 पीस (चाँदी जैसा). बिछिया-02 पीस (चाँदी जैसा) ताबीज-02 पीस

- छातापुर थाना काड स0-322 / 2024, दिनाक-22.10.2024, धारा-309 (4) भारतीय न्याय संहिता-2023 का अभियुक्त गिरफ्तार

(चाँदी जैसा) चकती-03 पीस (चाँदी जैसा) दीपक-01 पीस (चाँदी जैसा) पान का पता-1 पीस (चाँदी जैसा). मनीष कुमार उर्फ मनीष पासवान पिता-बालदेव पासवान, सा०-सिमराही (मिरदौल), थाना-नरपतगंज, अररिया।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी का नाम गिरफ्तार अभियुक्त का नामः-**विपिन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, त्रिवेणीगंज। पु०नि० शिव शंकर कुमार, थानाध्यक्ष-सह-अनुसंधानकर्ता पुअनि संदीप कुमार, छातापुर थाना पु०अ०नि० सुधीर कुमार, छातापुर थाना पु०अ०नि० विजय पासवान, छातापुर थाना स०अ०नि० वंशराज सुधांशु, छातापुर थाना एवं छातापुर थाना के सशस्त्र बल नरपतगंज के पलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## मारपीट का केस नहीं लेने पर डीआईजी से लगाई गुहार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिले के नवहट्टा प्रखंड के वार्ड नंबर 12 निवासी नजराना खानम पिता मुर्तुजा खान ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस उपमहानिरीक्षक को दिए ज्ञापन में कहा कि मेरे साथ 22 अक्टूबर की रात घर में घुसकर मारपीट की गई। साथ ही गाली गलौज एवं अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट एवं अश्लील हरकत करने वाले लोगों के विरुद्ध जब थाने में आवेदन दिया तो थाना अध्यक्ष ने आवेदन लेने से इन्कार कर उल्टे मुझे ही डांट फटकार कर वहां से भगा दिया गया। इससे स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि दबंग लोगों को थाना अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त है।

जबकि इस मामले में भूमि सुधार उपसमाहर्ता का स्पष्ट आदेश है की तथा यथास्थिति बनाए रखना रखना है। थाना अध्यक्ष की क्रियाकलाप से क्षुब्ध होकर उचित न्याय हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एसडीओ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक को आवेदन देकर उचित न्याय की गुहार लगाई है। सुश्री खानम ने घटना के संबंध में बताया कि मेरे पिताजी घर से बाहर चले गए थे। रात्रि के 9:00 बजे मकसूद आलम खान, इश्तियाक आलम खान, अशफाक आलम खान, मंसूर आलम खान, नाजिम खान, मकबूल खान, मासूम खान, बादशाह खान, कैफ़ खान यह सभी अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जो लाठी डंडा हथियार से लैस होकर मेरे आंगन आया और सब एक मिलकर गाली गलौज करने लगा। मकसूद आलम ने धमकी दिया की सब मिलकर जल्दी घर खाली कर दो। जमीन और घर हमारा है जिसे मैं पुनः विरोध किया कि हमारा घर तथा जमीन हमारे पिता की खतियानी हिस्से का जमीन है। इतना सुनते ही मंसूर आलम खान बुरी तरह से मुझे जमीन पर पटक दिया। मेरे शरीर के वस्त्र को फाड़ दिया। जिसके कारण में अर्धनग्न हो गई उसी क्रम में मेरी बहन से कान से सोने की बाली छीन लिया जब हम लोग हल्ला किया चिल्लाने लगे तो उन लोगों ने धमकी दिया कि मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है।

घटना की आवाज सुनकर गांव के लोग जमा होने लगे तो मेरी किराएदार की दुकान में दुकानदार को भी धमकी दिया की दुकान खाली कर दो वरना दुकान में ताला लगा देंगे। जबकि उक्त सभी व्यक्ति धोखाधड़ी जालसाजी गुंडा रंगदारी एवं अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसके विरुद्ध मेरे पिताजी के द्वारा मामला भी दर्ज कराया गया है। इसी प्रतिशोध से इस घटना को अंजाम दिया। घटित घटना से संबंधित आवेदन नवहट्टा थाना अध्यक्ष को समर्पित किया परंतु मुझे डांट फटकार कर भगा दिया गया। आवेदिका ने नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी जालसाजी रंगदारी साजिश रचकर एवं एक मत होकर घटित घटना के आरोप में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की है।

## जिला प्रशासन दीपावली व छठ पर्व शांतिपूर्ण शातिपूर्ण वातावरण में आयोजन हेतु प्रतिबद्ध : वैभव चौधरी

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में धनतेरस दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति के साथ सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन दीपावली और छठ पर्व के उल्लासपूर्ण, सद्भावपूर्ण वातावरण में आयोजन हेतु प्रतिबद्ध है। पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था के समुचित संधारण निमित चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

जिला प्रशासन की साइबर टीम द्वारा सोशल मीडिया की निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के विद्वेषपूर्ण पोस्ट की स्थिति में नियमानुसार संबंधित असामाजिक तत्व के विरुद्ध कठोरतम कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों की सफाई व्यवस्था युद्ध स्तर पर जारी है। इसे अविलंब पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी छठ घाटों पर आगंतुक श्रद्धालुओं हेतु सभी आवश्यक सुविधा की सम्यक उपलब्धता हेतु सभी संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कारवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय शांति समिति के पर्व त्यौहार के शांतिपूर्ण सद्भावपूर्ण आयोजन में योगदान की सराहना की। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि कुल 22 स्थलो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु विहित शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। साथ ही आशा व्यक्त की गई कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विहित शर्तों के अनुसार सौम्य पूर्ण वातावरण में किया जाएगा। शर्त उल्लंघन की स्थिति में विधिसम्मत कारवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु द्वारा आसन्न पर्व त्यौहार के अवसर पर विधि व्यवस्था के समुचित संधारण हेतु की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर एवं सदर द्वारा छठ, दीपावली पर्व के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गई।

## दीपावली और छठ के मौके पर जिले में विशेष पोलियो टीकाकरण अभियान

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** बिहार राज्य को पोलियो मुक्त हुए 15 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन पड़ोसी देशों जैसे अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अभी भी पोलियो का संक्रमण जारी है। इस स्थिति के मद्देनज़र, राज्य में दोबारा संक्रमण के प्रसार का खतरा बरकरार है। दीपावली और छठ महापर्व के दौरान, जब जिले में बाहरी परिवारों का आगमन होता है, पोलियो संक्रमण के फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

इसी संदर्भ में, इंडियन एक्सपर्ट एडवाइजरी ग्रुप (क्एॅअ) की अनुशंसा पर, राज्य सरकार ने 21 से 31 अक्टूबर तक 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए एक विशेष अभियान संचालित करने का निर्णय लिया है।

**ट्रांजिट प्वाइंट पर टीकाकर्मियों की तैनातीः** जिला स्वास्थ्य विभाग इस अभियान की सफलता के लिए आवश्यक तैयारियों में जुट गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज ने बताया कि उन स्थलों की पहचान की गई है, जहां से बच्चे जिले के प्रखंडों और गांवों में प्रवेश करेंगे। इन चिह्नित स्थलों पर आगामी 30 अक्टूबर से 8 नवंबर तक विशेष ट्रांजिट दल की तैनाती की जाएगी, ताकि बाहर से आने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा सके। इसी प्रकार, छठ महापर्व के दौरान जिले के महत्वपूर्ण घाटों पर 7 और 8 नवंबर को विशेष टीकाकरण दल गठित किया जाएगा।

**खतरा अभी टला नहीं, सतर्कता आवश्यकः** सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने कहा कि दीपावली और छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे परिवार अपने गृह जिले लौटते हैं, जो स्थायी तौर पर यहां निवास नहीं करते। इससे पोलियो संक्रमण के फिर से प्रसार का खतरा बना रहता है। संक्रमण के खतरों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से इस विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी से सावधानी बरतने और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है, क्योंकि पोलियो का खतरा अभी पूरी तरह से नहीं टला है।

## महाआरती के साथ ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला संपन्न

द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक सामंजस्य और एकता को भी दर्शाता है। इसने भक्तों के बीच एक अद्भुत भक्ति का संचार किया और सभी को एकजुट होकर सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का संदेश दिया।

लोक तंत्र की आवाज



**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**तेगछिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और शिव शक्ति शिवालय द्वारा आयोजित द्वादश ज्योर्तिलिंगम अध्यात्मिक दर्शन मेला 27 अक्टूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस एक सप्ताह लंबे आयोजन का समापन मंगलवार को महामंत्र नमः शिवाय और ओम नमः शिवाय के अखंड जाप के साथ हुआ।

**आयोजन का विवरण :** मेले में भक्तों की भारी संख्या उमड़ी, जिसमें श्रद्धालुओं ने द्वादश ज्योर्तिलिंगम का दर्शन किया। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी, ब्रह्माकुमारी ज्ञान पाठशाला, महाआरती, महाभोग, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह और शाम को हुए महाआरती का दृश्य मनमोहक था, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**श्रद्धालुओं की भागीदारी :** श्रद्धालु शिवलिंगों पर बेलपत्र, फूल, गंगाजल और चंदन अर्पित कर महाआरती को ऐतिहासिक बनाने में जुटे रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान ने क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से भक्ति में लिपटा रखा।

**समापन समारोहः** कार्यक्रम के समापन पर ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्य, श्रद्धालु और गण्यमान्य अतिथियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। इस अवसर पर बीके चांद मिश्रा, दादा साहब फालके पुरस्कार प्राप्त फिल्म निर्माता, ने इस सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि आगे भी ऐसे ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह का सहयोग मिलने पर एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**विशेष अतिथि और सहभागिता :** मेले में बिहार के विभिन्न जिलों से और पड़ोसी देश नेपाल से भी ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों का जमावड़ा लगा रहा। आयोजन में स्थानीय युवाओं का सराहनीय योगदान रहा, जिसने इसे और भी सफल बनाया। द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक सामंजस्य और एकता को भी दर्शाता है। इसने भक्तों के बीच एक अद्भुत भक्ति का संचार किया और सभी को एकजुट होकर सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनतेरस में खरीदारी को उमड़े लोग, हंटरगंज सड़क जाम आधा घंटे के बाद परिचालन शुरू




लोकतंत्र की आवाज
अशोक अनन्त,हंटरगंज
हंटरगंज( चतरा)। धनतेरस में हंटरगंज बाजार प्रखण्ड मुख्यालय मुख्य सड़क में आधे घंटे के लिए ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी । जिसके कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को धनतरेस को लेकर बाज़ार में भीड़ उमड़ गई जिसके वजह से गया – चतरा मुख्यसड़क में 4 बजे से लेकर 4:30 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही जाम पानी टंकी से लेकर कॉपरेटी बैंक तक रहा। जाम छुड़ाने में लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन इसके बाद प्रशासन के तत्परता से जाम हटाया गया वहीं जोरी बाजार मे भी खरीदारी को लेकर व्यस्तता देखी गई दुकानें सज्जी रही और लोग खरीदारी करते रहे आवागमन मे भारी भिड़ और तंग सड़क से वहाँ भी जाम की स्थिति बनी रही लोगों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### मतदान का प्रतिशत उच्चतम रखने हेतु करने होंगे कुछ और सटीक उपाय




लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड द्वारा जिला के सभी मध्य एवं उच्चतर विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 6 से 12 के छात्र–छात्राओं के लिए अपने माता–पिता के नाम मतदान करने हेतु पत्र लेखन का कार्यक्रम आयोजित है। साथ ही साथ पत्र लेखन से पूर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक बच्चों को मतदान की माता पर सभी बच्चों का उन्मुखीकरण करेंगे पत्र लेखन के पश्चात सभी बच्ची अपने पत्र को अपने–अपने घर ले जाकर अपने माता–पिता को सौंपेंगे एवं उनसे मतदान की तिथि को अवश्य मतदान करने हेतु अनुरोध करेंगे एक जिला निर्वाचन पदाधिकारी कोई भी ऐसा कौन छोड़ता नहीं चाहते जिससे कि किसी भी प्रकार से किसी भी कारण से एक भी मतदाता , मतदान करने से वंचित रह जाए और यदि ऐसे में यदि आपके सामने किसी विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं यह कहे की उन्हें इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है तथा और तो और शिक्षक को भी इस कार्यत्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी ना हो तो आप क्या विचार करेंगे इस कार्यत्रम हेतु जिसमें बच्चों के द्वारा मां–बाप को प्रेरित करवा कर मतदान करने हेतु तैयार करवाया जाता है खासकर जो मतदान की महता को नहीं जानते या फिर इस पर ध्यान नहीं दिया करते।

### मम्मी पापा वोट दो अभियान की तहत हुआ पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ
चतरा हंटरगंज प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हंटरगंज में सोमवार को लोकतंत्र के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मम्मी पापा वोट दो अभियान के अंतर्गत हुए कार्यत्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाना और युवाओं को चुनावी प्रत्रिया में सत्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। छात्रों ने मतदाता की जिम्मेदारियों, मतदान के महत्व और युवा मतदाताओं की भूमिका विषय पर पत्र लिखा। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने पत्रों को विद्यालय परिसर में एकत्रित किया और उन्हें अपने माता पिता को सौंपने का निर्णय लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना की और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इस तरह का कार्यत्रम न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने में भी मदद करते हैं। वही छात्राओं ने 13 नवंबर 2024 को मतदान केंद्र पर बिना किसी बहाने के वोट डालने की अनुरोध किया।

### हजारीबाग की चर्चित नेत्री व पूर्व महापौर अंजलि ने भाजपा छोड़ झामुमो का थामा दामन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हज़ारीबाग( झारखंड)। हजारीबाग नगर निगम की पूर्व महापौर और चर्चित भाजपा नेत्री अंजलि कुमारी ने मंगलवार को झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली. रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अंजली कुमारी ने झामुमो की सदस्यता ली. अंजलि कुमारी ने कहा कि भाजपा में झारखंडियों की कोई अहमियत नहीं है. अब छत्तीसगढ़, ओड़िशा, बिहार और यूपी के लोग भाजपा चला रहे हैं. ये लोग स्थानीय झारखंडी कार्यकर्ताओं को गुलाम समझते हैं और उनकी अनदेखी कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसका प्रत्यक्ष प्रमाण इस बार के टिकट बंटवारे में देखने को मिला है जिसमें समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई. उन्होंने कहा कि भाईसाहब कल्चर के कारण झारखंड भाजपा की नैया डूब रही है. उन्होंने कहा कि इस राज्य में झामुमो ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग का एक जैसा ख्याल रखती है और पार्टी में कार्यकर्ताओं को भी पूरा सम्मान मिलता है.

# मम्मी पापा वोट दो अभियान में 17 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता–पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे।यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया।पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र–छात्राओं की हौसला–अफजाई की।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में राज्य के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से 'मम्मी पापा वोट दो 'अभियान चलाया गया। इस अभियान में सोमवार को पूरे राज्य के 18,570 स्कूलों के 17,06,182 बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को की गई अपील निश्चित रूप से लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगी।

> पूरे भारतवर्ष में शाम 5:00 से 7:00 बजे टॉप टेन में रहा मम्मी पापा वोट दो

विदित हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने पूर्वाह्न 11 से 12 के बीच अपने–अपने माता–पिता/ अभिभावकों को अनिवार्य मतदान के अनुरोध के साथ पत्र लिखकर भावुक अपील की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी जिलों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोमवार को शाम 5:00 बजे से लेकर 7:00 के बीच #ट४८ढंस्त्रंश्ङ्क३ीउङ्क हैशटैग के साथ विद्यार्थियों द्वारा दिए गए पोस्टों को एक साथ शेयर किया गया, ताकि इसे ट्रेंडिंग में लाया जा सके और अधिक से अधिक लोगों के बीच इसका प्रचार किया जा सके। इस हैशटैग अभियान के दौरान केवल (ट्विटर) पर शाम 5:00 बजे से लेकर 7:00 के बीच 30 हजार से अधिक पोस्ट किए गए एवं पूरे भारत वर्ष में टॉप 10 में लगातार ट्रेंडिंग करता रहा। इसके अलावा सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर 50 हजार से भी अधिक पोस्ट किए गए।

## मम्मी पापा वोट दो अभियान की तहत हुआ पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(चतरा)।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हंटरगंज में सोमवार को लोकतंत्र के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मम्मी पापा वोट दो अभियान के अंतर्गत हुए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाना और युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। छात्रों ने मतदाता की जिम्मेदारियों, मतदान के महत्व और युवा मतदाताओं की भूमिका विषय पर पत्र लिखा। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने पत्रों को विद्यालय परिसर में एकत्रित किया और उन्हें अपने माता पिता को सौंपने का निर्णय लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना की और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इस तरह का कार्यक्रम न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने में भी मदद करते हैं। वही छात्राओं ने 13 नवंबर 2024 को मतदान केंद्र पर बिना किसी बहाने के वोट डालने की अनुरोध किया।

## धनतेरस में भगवान धन्वंतरि की पूजा दीपावली के लिए अति शुभ




**लोकतंत्र की आवाज**
**अनिल कुमार (संवाददाता)**
**प्रखंड– बिरनी, गिरिडीह।** धनतेरस आप क्यों मनाते हैं? तथा धनतेरस का सनातन धर्म में क्या महत्व है ?तो श्रीमान जब समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे उसी समय मां लक्ष्मी का जन्म भी हुआ था। धनतेरस दीपावली के दो दिन पहले मनाया जाता है धनतेरस की शाम भगवान कुबेर और धन्वंतरि की पूजा के बाद यमराज के नाम का दीपक जलाया जाता है यह दीपक जलाने से अकाल मृत्यु तथा दुर्घटना का भय टल जाता है धनतेरस के दिन कोई भी सामान खरीदने को शुभ माना गया है। कुछ सामानों को खरीदने के लिए राजधनवार बरमसिया जब भरकट्टा सरिया में त्यौहार प्रेमी जन के क्या कहने ।

## हजारीबाग में दिनदहाड़े गोलीबारी से शहर वाले भयभीत

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग शहर में दिनदहाड़े गोलीबारी से शहर वासी भयभीत हैं। मनजीत यादव वार्ड पार्षद पति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या परिजनों ने अपराधीयों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए किया जाम।

हजारीबाग में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। रामनवमी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पति मनजीत यादव को अपराधियों ने उनके घर के बाहर गोली मार दी। खून से लथपथ मनजीत को आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने मनजीत पर तीन गोलियां चलाईं। घटना के बाद बड़ा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारों की तलाश में जुट गई है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की खोज में लगी हुई है। इधर परिजनों एवं समर्थकों ने अपराधियो की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करते हुए जिला परिषद चौक को कुछ देर के लिए जाम कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया है तथा अपराधीयों की गिरफ्तारी के लिए अनुसंधान में जुट गई है।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पत्थलगड्डा(चतरा)।** चतरा पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार पांडेय के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस जवानों ने पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिन्द्र साहू, सीओ उदल राम के नेतृत्व में निकाला फ्लैग मार्च । प्रखण्ड मुख्यालय के सुभाष चौक, गांधी चौक, बरवाडीह,पत्थलगड्डा,सिंघानी आदि गावों में फ्लैग मार्च किया।

इस मौके पर थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने भीड़ भड़ाके मार्केटिंग के स्थान पर सड़कों में पटाखे नहीं बेचने का दुकानदारों से आग्रह किया उन्होंने जागृत करते हुए बताया कि किसी तरह बच्चे खेल–खेल में पटाखे में आगजनी होने की संभावना हो सकती है जिससे आम जनों पर मुसीबत बन सकती है। श्री चौधरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी त्योहार को और आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है साथ ही प्रखंड क्षेत्र में दीपावली एंव छठ पर्व को भी मद्दे नजर रखते हुए शांति बनाए रखना है। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, प्रदीप कुमार के अलावे सैकड़ो पुलिस जवान शामिल थे।

## इटखोरी के गंगा पैलेस होटल में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड के गंगा पैलेस होटल में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक मंगलवार को हुई । यह बैठक इटखोरी प्रखंड के झामुमो नेता सुधीर साव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के साथ हैं। इंडिया गठबंधन के सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा की जीत सुनिश्चित करने का काम करेंगे।

वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो नेता सुधीर साव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्र कार्यकर्ताओं के साथ आगामी तीन दिनों के भीतर बैठक कर चुनावी रणनीति के तहत समन्वय बनाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष बबलू केसरी, इटखोरी मुखिया योगेश्वर दांगी ,रामाधिन यादव, श्याम सिंह, समाजसेवी संतोष कुमार दास, चंद्र देव गोप, टिंकू सिंह, प्रदीप सिंह, रामदेव यादव, पितिज मुखिया, गुलाम रसूल, राम जीवन ठाकुर, अजय सिंह, मुजाहिद हुसैन, घनश्याम यादव, विवेक कुमार दास, उमेश यादव, मोहन दांगी, रामू ठाकुर, संजय यादव, श्रवण दांगी, पप्पू ठाकुर, लल्लू यादव, छोटू यादव, बालेश्वर यादव, विनोद चौरसिया, पंकज राम, नरेश राम, वासुदेव गिरी समेत बड़ी संख्या में समर्थन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में बायोमेंनिया हंटरगंज कोचिंग सेंटर की तीन छात्राओं ने लहराया परचम

लोकतंत्र की आवाज




**अशोक अनन्त**
**हंटरगंज ।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तीन बेटियों ने सिद्ध कर दिया है की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती अगर लगन दिल से हो तो सफलता कदम अवश्य चुमेगी।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में दिव्या,आशु व प्रियंका ने परचम लहरा कर ना सिर्फ़ बायोमेनिया कोचिंग सेंटर का नाम रौशन किया बल्कि चतरा जिले का नाम भी रौशन किया है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व 29/09/2024 को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा दी जिसका परिणाम आया जिसमें तीनों ने सफलता हासिल की है तीनों छात्रा इसका श्रेय अपने माता – पिता और बायोमेंनिया कोचिंग निदेशक राकेश सर को दिया है। छात्रों ने बताया कि राकेश सर की गाइडलाइन से हमलोगो को इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। वही निदेशक राकेश सर ने छात्रों को बधाई देते हुवे बताया कि बच्चियों के कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल हुई है उन्होंने असफल छात्रों से भी अपील की मेहनत जारी रखे आप भी एक दिन जरुर सफल होंगे आगे बताते हैं कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

**गरीब छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षा :** राकेश सर के द्वारा बताया गया कि वैसे छात्र – छात्रा जिनके माता – पिता की आर्थिक स्थिति खराब है और वैसे बच्चे जो प्रतिभा योग्य हैं उन्हें हमारे संस्थान में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी वही पठन – पाठन करने वाली सामाग्री भी निःशुल्क दी जाएगी ताकि गरीब बच्चों की गरीबी शिक्षा बाधा ना बन सके।

**इन छात्राओं ने पाई सफलता :** 1दिव्या कुमारी पिता अनुज सिंह झिकटिया निवासी 2 आशु कुमारी पिता संजय प्रसाद गुप्ता भोंदल निवासी 3 सुप्रिया कुमारी पिता प्रभात कुमार झिकटिया निवासी है।

## आम्रपाली परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन, जीएम ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

लोकतंत्र की आवाज़



> बॉलीवॉल व क्रिकेट के सद्भावना मैच का आयोजन, विजेता व उप–विजेता टीम किये गये पुरस्कृत

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के जीएम कार्यालय परिसर में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यत्रम का आयोजन किया गया। जहां महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह द्वारा अधिकारियों, कामगारों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जीवन में ईमानदारी, विधिसम्मत कर्तव्यों का निर्वहन, भ्रष्टाचार मुक्त आचरण,जनहितों के प्रति समर्पण तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।जीएम श्री सिंह ने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, जिसे सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को हीं अपनाकर मुक्त किया जा सकता है।

दूसरी ओर,परियोजना क्षेत्र के कुरहापतरा खेल मैदान में बॉलीवॉल तथा क्रिकेट का सद्भावना मैच खेला गया। जिसमें परियोजना उच्च विद्यालय टंडवा बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के हुवे मैच में टंडवा विजयी हुआ।जबकि सीसीएल बनाम पत्रकार एकादश के बीच हुवे क्रिकेट मैच में पत्रकारों को हार का सामना करना पड़ा। कार्यत्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाये । सीसीएल महाप्रबंधक श्री सिंह ने विजेता व उप–विजेता टीम को ट्रॉफी, जर्सी तथा मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी मो. एकराम, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा, सीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी, पत्रकारों समेत विस्थापित– प्रभावित क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनतेरस पर्व को पर चौक चौराहे पर विशेष पुलिस बल की तैनाती की गयी



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। जिले के कई थाना क्षेत्र में धनतेरस पर्व को लेकर विभिन्न जगहों पर प्रशासन की तैनाती की गयी ।रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि धनतेरस पर्व को लेकर रफीगंज के सभी चौक चौराहे पर प्रशासन की तैनाती की गई है। चोर उचक्को पर पैनी नजर रखा गया है। शहरी क्षेत्र के स्टेशन परिसर, बस स्टैंड, महाराजगंज, नोनिया टिल्हा, बस स्टैंड, थाना परिसर, टेलर गली, सब्जी मंडी, सहित कई जगहों पर प्रशासन की तैनाती किया गया है ।उन्होंने कहा कि धनतेरस पर्व को लेकर बाजार में काफी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग खरीदारी करने आते हैं। किसी प्रकार की घटना ना हो इसका भी ध्यान रखते हुए पुलिस की तनाती की गई। इस अवसर पर एस आई परमजीत कुमार मंडल, कुशो कुमार, गीतांजलि कुमारी, सोनाली, मिथलेश कुमार, कर्मचारी सूरज कुमार, अजित कुमार शामिल थे।

### चार पंचायतों के उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों को दिया गया रिफ्रेशर ट्रेनिंग

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पंचायती राज के निर्देश पर चार पंचायतों के उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दिया गया। वही पंचायत सचिव सुजीत कुमार ने बताया कि इस ट्रेनिंग के माध्यम से उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों को मूलतः वार्ड सभा, ग्राम सभा, डब्लू आई एम सी का स्थाई समिति एवं विकास से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिससे सभी पंचायतों में योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वन हो सके। पंचायत सचिव घनश्याम कुमार, तकनीकी सहायक पंकज कुमार, लेखापाल सहायक किशोर कुमार, कार्यपालक सहायक मो जफर के द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। इस मौके पर उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य सुदामा साव, उपेंद्र कुमार, संजय यादव, ज्योति देवी, मीना देवी, संगीता देवी, सुनिता देवी, संफुला देवी, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, बरती देवी, कमलेश दास, मो मंजूर अहमद, आनंद कुमार के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### रतन टाटा के सहयोग से आधुनिक लैब में पढ़ाई कर रहे अमेठी के बच्चे, दो आईटीआई लैब के लिए दिए थे 72 करोड़

लोक तंत्र की आवाज
रत्न
अमेठी। अमेठी में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से आईटीआई में रोबोटिक्स लैब स्थापित की गई है। रतन टाटा की पहल से 72 करोड़ की लागत से आधुनिक मशीनों एवं सुविधाओं से युक्त वर्कशाप बनाई गई। 100 से अधिक विद्यार्थी रोबोटिक्स एडवांस सीएनसी और मैन्यूफैक्चरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अमेरिका व जापान से मंगाए गए उपकरणों से छात्र नौकरी हासिल करने के लिए तैयार हो रहे हैं आधुनिक तकनीकी के माध्यम से बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाई जा रही है। 2023 में दोनों आईटीआई में करीब 72 करोड़ की लागत से आधुनिक मशीनों एवं सुविधाओं से युक्त वर्कशाप बनाई गई। रोबोटिक्स लैब, एडवांस सीएनसी और मैन्यूफैक्चरिंग ट्रेड में करीब 100 से अधिक विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### जिला राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रखण्ड जिला कमिटी का किया गया विस्तार



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिला के मथुरापुर स्थित अल्फा हॉस्पिटल में राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ट की बैठक हुई, जिसकी अध?यक्षता जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद ने की। ज़िसमें खानपुर प्रखण्ड के प्रखण्ड के पद पर हाफिज, मो मकसूद आलम, ताजपुर प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर सफीउर रजा उर्फ (चुन्नु बाबू), जिला उपध्याक्ष के पद पर मो शाहजहां साहब, जिला महासचिव के पद पर ज़ेयाउल्लाह उस्मानी साहब, मो आमिर शाद, मो असगर अंसारी, मो मुर्शिद खान, समस्तीपुर जिला के जिला सचिव के पद पर सैयद अख़लाश अहमद साहब को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ट, फैयाज अहमद, सैयद महताब आलम, डॉक्ट शाहनवाज अख्तर, जेयाउल हक सोनू, वाहिद साहब आदि मौजुद थे।

### बागमती नदी में डूबने से एक युवक की मौत, परिजनों में छाया मातम



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के तहत चकमेहसी थाना क्षेत्र में बागमती नदी में डूबा 22 वर्षीय सोनू कुमार पिता भाग नारायण सहनी वार्ड संख्या दो निवासी बताया गया है। शव ग्रामीण गोताखोर के सहयोग से नहीं मिल पाया। मंगलवार को अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम गगौरा त्रिमोहान जा रही थी सोरमार जब पहुंची तो त्रिमोहान गांव के एक युवक ने शव को नदी के कटाव के समीप देखा बिजली की तरह यह खबर गांव में पहुंची, पूर्व मुखिया कैलाश सहनी ने शव मिलने की सूचना चकमहेसी थाना को दी। पूर्व मुखिया ने बताया कि सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पहुंच गई और कार्रवाई शुरू कर दिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार घटना की सूचना पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से मिलने वाली 20 हजार का चेक परिजन को ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों के समक्ष दिया गया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया।

# मधुबनीः पर्व को लेकर डीएम और एसपी ने की शांति समिति की बैठक

लोक तंत्र की आवाज



**मधुबनी** । डीएम अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार की अध्यक्षता में जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में दीपावली एवं छठ पर्व मनाए जाने को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने उपस्थित सदस्यों को दीपावली और छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है और हम सभी इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

उन्होंने कहा की साफ सफाई, रौशनी की व्यवस्था और पटाखों के इस्तेमाल से लेकर घाटों पर जल की गहराई आदि सावधानी जैसे अहम बिंदुओं पर गौर करने की जरूरत है। सभी महत्वपूर्ण छठ घाटों पर एसडीआरएफ/स्थानीय प्रशिक्षित गोताखोर/ आपदा मित्र को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल के रोकथाम को लेकर भी निर्देश दिए गये है। उन्होंने कहा कि बिना उचित अनुज्ञप्ति के पटाखे बेचना प्रतिबंधित है। इसलिए सभी थानाध्यक्ष इसका खयाल रखें और गैर कानूनी तरीके से पटाखे की बिक्री पर रोक लगाएं। बिना लाइसेंस के कोई भी जुलूस नही निकले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील छठ घाटों पर दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान एसडीआरएफ की टीमें सजग होकर कर्तव्य का निर्वहन करेंगी। इस दौरान किसी निजी नाव के संचालन पर पूर्णतया रोक रहेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे सभी छठ घाटों जहां पर्याप्त भीड़ भाड़ रहती है, पूजा समितियों से अपेक्षा है कि वॉच टॉवर का निर्माण करें,ताकि, भीड़ के मूवमेंट पर नजर रखी जा सके। उन्होंने छठ घाटों पर सक्षम साउंड सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि, छठ घाट पर लोगों को समय समय पर आवश्यक निर्देश दिया जा सके। सभी छठ घाटों पर बैरिकेटिंग अनिवार्य रूप से लगवाये।।उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को दीपावली एवं छठ की बधाई भी दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई छठ घाट रेलवे ट्रैक के नजदीक अवस्थित हों, तो वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल एवं चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शांति समिति की बैठक में आए हुए लोगों से छठ पर्व के सफल आयोजन के लिए सुझाव भी मांगे। उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि समूचे जिले में छठ पर्व को बेहद शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की परम्परा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। कई सदस्यों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई और स्वच्छता के लिए अभियान चलाया जाय।बिजली के लटके हुए तारों को दुरुस्त करवाने की बात कही। इसके अतिरिक्त कई सदस्यों ने शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों को उनके महत्वपूर्ण सुझाव के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि प्राप्त सुझाव के आलोक में अग्रेतर करवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपराघाट कार्तिक पूर्णिमा मेला को राजकीय मेला का दर्जा हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त दिपेश कुमार,नगर आयुक्त अनिल चौधरी,अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, डिप्टी मेयर नगरनिगम मधुबनी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सह एडीएम आपदा संतोष कुमार,डीपीआरओ परिमल कुमार, नजारत उपसमाहर्ता मयंक सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी फुलपरास,अभिषेक कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी,मनीषा, अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर बीरेंद्र कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी झंझारपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर विप्लव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी के अलावे भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह जयनगर चेम्बर ऑफ कॉमर्स महासचिव अनिल वैरोलिया सचिव पवन कुमार यादव महिला विकास मंच के जिला अध्यक्ष दीपशिखा सिंह देवधा मध्य के सरपंच सुजीत कुमार साह सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दिवाली के मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर**। शहर के मुक्तापुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वर्ग 1 से 10 वीं तक के छात्र – छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रंग – बिरंगे रंगों का उपयोग कर छात्र – छात्राओं ने अदभूत और रचनात्मक रंगोलियां बनाई। इन रंगोलियों में देवी – देवताओं, दीयों, फूल – पत्तियों और अन्य त्योहार से जुड़े प्रतीकों का सुंदर चित्रण किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र – छात्राओं में कलात्मकता को बढ़ावा देना और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान पैदा करना था। विद्यालय के प्राचार्य, जी एन झा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है और यह हमारे त्योहारों को और भी खूबसूरत बनाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और छात्र – छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस रंगोली प्रतियोगिता ने दीपावली का त्योहार और भी यादगार बना दिया।

### पंचायत समिति के अजिया ससुर के निधन पर जताया शोक

लोकतंत्र की आवाज
**समस्तीपुर**। जिले के वारिसनगर गोही पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रूबी कुमारी के अजिया ससुर व समाजसेवी प्रभात कुमार ठाकुर के दादा 85 वर्षीय चंदेश्वर ठाकुर का निधन सोमवार की संध्या हो गया। वह कुछ दिनो से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख राजु कुमार, समाजसेवी सोनू सिंह, संजय ठाकुर, शिवचंद्र ठाकुर आदि ने उनके आवास पर पहूंचकर परिजनों को सांत्वना दिया। काफी संख्या में निधन की खबर सुनकर लोगों उनके आवास पर भीड़ उमड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने वालों में जिला पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार, पंचायत समिति सदस्य शंभू ठाकुर, संतोष कुमार साह, पूर्व उप प्रमुख शिव शंकर महतो, अफजाल अहमद उर्फ उजाले का नाम शामिल है।

## एक वारंटी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर**। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकमेहसी थाना की पुलिस ने कांड संख्या 167/24 के एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बख्तियारपुर बसंत पट्टी निवासी महेश सहनी के पुत्र दशरथ कुमार के रूप में की गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त के विषय में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके फलस्वरूप पीएसआई मनीषा कुमारी के अगुआई में टीम को भेजा गया जहां से उक्त अभियुक्त को धर दबोचा गया।उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## मोतिहारीः आरपीएफ इंस्पेक्टर के सरकारी क्वार्टर से भारी मात्रा में शराब और कैश बरामद, आरोपी फरार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण में आरपीएफ इंस्पेक्टर के क्वार्टर से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और कैश बरामद किया है। छापेमारी के दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर अपने क्वार्टर में नहीं थे लेकिन पुलिस ने छापेमारी कर शराब और कैश जब्त कर लिया है। यह मामला पूर्वी चंपारण के बापू धाम रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ क्वार्टर की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज गुप्ता के सरकारी आवास में भारी मात्रा में शराब डंप किया गया है।

सूचना के आधार पर पूर्वी चम्पारण एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर टीम गठित कर आरपीएफ इंस्पेक्टर के आवास में छापेमारी की गई। जिसके बाद वहां से पुलिस ने 22 बोतल महंगे अंग्रेजी शराब के साथ ही करीब 94 हजार रूपये कैश बरामद किया है। फ़िलहाल इंस्पेक्टर फरार बताये जा रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इधर इस पुरे मामले को लेकर साइबर डीएसपी ने बताया कि हमें सुचना मिली थी कि आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज गुप्ता के सरकारी क्वार्टर में शराब डंपिंग किया गया है। जिसके इंस्पेक्टर के सरकारी क्वार्टर में छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया है। हालांकि, इस दौरान इंस्पेक्टर पंकज मौके से फरार थे। पुलिस ने उनके क्वार्टर से 22 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसके साथ ही नोटों की गड्डी भी जब्त किया गया है। जो लगभग 94 हजार रूपये बताए गए हैं।

## अकिल अख्तर ने साइकिल छाप पर पाकुड़ से किया नामांकन दाखिल

लोकतंत्र की आवाज

### पाकुड़ में स्वास्थ्य, शिक्षा को करेंगे दुरुस्त



**मामलोत सेख**
**बरहरवा**। पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी से बतौर पाकुड़ विधानसभा से नामांकन पर्चा दाखिल किया। पाकुड़ विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन के समक्ष अपना नामांकन पर्चा उनके हाथों में सौंपा।नामांकन पर्चा दाखिल करने के पश्चात मीडिया से रूबरू हो अकिल ने कहा कि पाकुड़ का विकास करना उनकी प्राथमिकता है।

पाकुड़ में सिंचाई की सुविधा के साथ–साथ पेयजल, सड़क, पुल, पुलिया, रोजगार को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कहा कि वह अपने 5 साल के कार्यकाल में पाकुड़ में कई ऐतिहासिक काम को करने का काम किया जो पाकुड़ की जनता बेहतर से जानती है। अगर पाकुड़ के लोगों का प्यार और स्नेह मिला तो पाकुड़ में विकास का काम कर पाकुड़ को एक नई पहचान दिलाने का काम करूंगा।

पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में विश्वविद्यालय की यहां स्थापना करना, स्वास्थ्य सेवा को दुरुस्त करना और पाकुड़ के पत्थर उद्योग, बीड़ी उद्योग को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। ताकि यहां के मजदूर को यही रोजगार मिले और पाकुड़ से बाहर उन्हें रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े। नामांकन के दौरान सोनू आलम, प्रवीर भट्टाचार्य सहित सैकड़ो उनके समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम के नामांकन में जनसभा का आयोजन, उमड़ा जन सैलाब

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**बरहरवा**। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस नेत्री निसात आलम के पाकुड़ विधानसभा सीट से मंगलवार को नामांकन के मौके पर रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें निसात आलम के समर्थकों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

आयोजित जनसभा में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने मंच साझा किया इनमें प्रत्याशी निसात आलम के आलावा मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा के कांग्रेस सांसद एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत और राजमल सांसद विजय हांसदा ने शिरकत किया इसके अलावा कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम व उदय लखवानी कांग्रेस पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार कांग्रेस पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक साहिबगंज जिला अध्यक्ष बरकत खान झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्याम यादव यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट अर्धेदु शेखर गांगुली ने भी मंच साझा किया वहीं मंच का संचालक अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज ने कियाआयोजित जनसभा में उपस्थित कार्यकर्ता और समर्थकों को संबोधित करते हुए लोहरदंगा के सांसद एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने 20 नवंबर को कांग्रेस का बटन दबाकर निसात आलाम को रिकार्ड मतों से जीताने की अपील की ।

उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को भी खूब धोया कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मुद्दा हिंदुस्तान पाकिस्तान गाय मंदिर मस्जिद बांग्लादेशी घुसपैठ ताक सीमित रह गया है आयोजित जनसभा में राजमल सांसद विजय हांसदा ने कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलाम को अपनी मां से संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपनी मां के लिए वोट मांगने आया हूं।

मैं खुश किस्मत हूं कि एक मां के लिए आप सबों से वोट मांग रहा हूं मेरी जीत के लिए इस मां ने जितनी मेहनत की है मैं खुश हूं कि उस मां के लिए मुझे मेहनत करने का मौका मिल रहा है कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने आपने संबोधन में कहा कि पिछले करीब 30 सालों से अपने आलमगीर आलम का साथ दिया अपने आलमगीर साहब के परिवार को प्यार दिया मैं इसके लिए तमाम जनता का आभारी हूं मैं उम्मीद करता हूं कि आपका प्यार आपका प्रेम आपका भरोसा आगे भी बना रहेगा मेरे पति आलमगीर आलम साहब जेल में है लेकिन आप लोगों ने उसे कमी को उस कष्ट को उस दुख को महसूस भी नहीं होने दिया मैं आप सभी का आभार व्यक्त करती हूं और आपसे समर्थन मांगती हूं आयोजित जनसभा में उमड़ी भीड़ को देख मंच पर आसीन नेता गदगद हो गए पूरे विधानसभा क्षेत्र से विभिन्न इलाकों से समर्थक हाथों में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा लेकर स्टेडियम पहुंच रहे थे पूरा स्टेडियम वाहनों और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थकों से खचाखच भर गया आयोजित सभा में शामिल होने आ रहे हैं लोगों की वजह से शहर के सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई आम लोग भी जाम में फंस गए और उन्हें काफी देर तक फंसे रहना पड़ा

## स्वीप कोषांग द्वारा एक हजार दीपक प्रज्वलित कर मतदान का किया अपील

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड**। लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर झंडा मैदान में मतदान महोत्सव के तहत दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने दिपक जलाकर किया। मौके पर उप विकास आयुक्त महोदया, श्रीमती स्मृता कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत स्वीप कोषांग और मीडिया कोषांग की पूरी टीम अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जेइस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा झंडा मैदान में एक हजार दिया जलाकर वोट फॉर गिरिडीह लिख कर आमजनों से मतदान की अपील की और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस दौरान स्काई लैंप जलाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई और मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर मतदान करने की अपील की गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी से अपील किया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिससे कम मतदान प्रतिशत क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड कल्चर, पोषण थाली प्रतियोगिता, आदिवासी परिधान, नाची से बाची, इको टूरिज्म, एडवेंचर एक्टिविटी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया जाय।

मौके पर उप विकास आयुक्त महोदया ने भी वोट अपील कर मतदाताओं से 20 नवंबर को मतदान करने की अपील की। तथा अपने माध्यम से अन्य को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव को महापर्व के रूप में हमलोग मनाते हैं, आप सभी भी इस महापर्व में सक्रिय भूमिका निभाएं और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।